26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 10 अक्टूबर, 2026
अंक- 347 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# जंतर-मंतर प्रदर्शन के लिए दिल्ली पहुंचे दीपके को विमान से ही लिया हिरासत में

## पुलिस का एक्शन, सैकड़ों प्रदर्शनकारी हिरासत में

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी के आरोपों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग पर आज जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रमुख नेताओं अभिजीत दीपके, सौरभ दास और आशुतोष रांका को हिरासत में ले लिया। तीनों नेताओं को विमान के दिल्ली पहुंचने के बाद इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया। सीजेपी ने तीनों नेताओं के हिरासत में लिए जाने की जानकारी देते हुए इसकी निंदा की। सीजेपी की ओर से विमान का एक वीडियो साझा किया गया है जिसके अनुसार, विमान के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद कुछ महिला पुलिस अधिकारी विमान के अंदर पहुंचीं और तीनों नेताओं से बातचीत कर उन्हें प्रदर्शन में शामिल नहीं होने के लिए समझाने का प्रयास किया। हालांकि, बातचीत से बात नहीं बनी और पुलिस ने अभिजीत दीपके, सौरभ दास तथा आशुतोष रांका को हिरासत में ले लिया। इस दौरान अभिजीत दीपके ने पुलिस से कहा कि देखो देश कहां जा रहा है, यह तानाशाही है। हम गिरफ्तार होने के लिए ही आए हैं, कर लो गिरफ्तार। सीजेपी ने यह भी दावा किया है कि



यू ट्यूबर और सोशल एक्टिविस्ट ध्रुव राठी को गुरुग्राम स्थित उनके घर से हिरासत में लिया गया है। पार्टी ने एक पोस्ट में कहा कि युवा लोगों के सवाल पूछने और गलत कामों के खिलाफ आवाज उठाने से सरकार डरी हुई है। इसी तरह पार्टी ने अपनी लीगल अफेयर्स हेड रत्ना सिंह को भी हिरासत में लिए जाने का दावा किया है। वहीं प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आने वालों को लगातार पुलिस हिरासत में ले रही है। हालांकि, हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या और कार्रवाई को लेकर पुलिस की ओर से आधिकारिक जानकारी का इंतजार है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली पुलिस ने पहले ही स्पष्ट किया था कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना प्रस्तावित प्रदर्शन को अनुमति नहीं दी गई है। प्रदर्शन के मद्देनजर जंतर-मंतर और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### दीपके, सौरभ और रांका को अलग-अलग रखा

अभिजीत दीपके, सौरभ दास और आशुतोष रांका को पुलिस ने हिरासत में लिए जाने के बाद तीनों को अलग-अलग डिटेंशन सेंटर में रखा है। हालांकि, ये नहीं बताया गया कि तीनों को कहां रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक, जंतर-मंतर की ओर मार्च कर रहे करीब 200 और प्रदर्शनकारियों को दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके से हिरासत में लिया गया है।

## मछली पकड़ने गये समीर का शव तीन दिन बाद बरामद

सहसपुर (चिंगारी)। तीन दिन पूर्व मछली पकड़ने के दौरान पानी में डूबे सहसपुर निवासी समीर का शव बरामद हो गया। लाश को देखकर उसके परिवार में कोहराम मचा है। स्थानीय निवासी मुहम्मद समीर (19 वर्ष) तीन दिन पूर्व छोटी राम गंगा नदी में मछली पकड़ने गया था। बताया जाता है कि समीर असावधानीवश पानी में डूब गया था। उसे बहुत तलाशा लेकिन उसका पता नहीं चला था। आज सुबह जब वार्ड नंबर 2 सराय कला के सभासद मनोज रामगंगा के पुल पर गए तो उन्हें समीर का शव पानी मैं तैरता दिखाई दिया। सभासद ने समीर के परिजनों और गोताखोरों को बुलाकर समीर के शव को पानी से बाहर निकला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। समीर के परिवार में कोहराम मचा है।

## केरल के पूर्व सीएम पिनराई विजयन हिरासत में लिए गए

केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को आज सुबह दिल्ली में हिरासत में लिया गया। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि विजयन को जंतर-मंतर रोड पर केरल हाउस के पास से हिरासत में लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, हिरासत में लिए जाने के बाद उन्हें छत्रसाल स्टेडियम परिसर ले जाया गया।

## अजिंक्य शिंदे मूवमेंट को करेंगे लीड

अभिजीत दीपके ने पुलिस हिरासत में लिए जाने के बाद एक वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि अब अजिंक्य शिंदे मूवमेंट को लीड करेंगे। क्योंकि दीपके के अलावा सौरभ दास और आशुतोष रांका को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। ऐसे में आंदोलन को अब शिंदे चलाएंगे।

## महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी को हिरासत में लिया गया

महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी को मुंबई पुलिस ने हिरासत में लिया है। तुषार गांधी ने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, जंतर-मंतर पर मौजूद अपने साथी भारतीयों के समर्थन में आज मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में लोग जरूर जुटेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया है कि हिरासत की कार्रवाई के बावजूद समर्थन जुटाने का कार्यक्रम जारी रहेगा। बता दें, आज पुलिस अधिकारियों ने दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर उतरते ही एयर इंडिया की एक फ्लाइट को रोका और अभिजीत दिपके, सौरव दास और आशुतोष रंका को फ्लाइट के अंदर ही हिरासत में लिया।

मिठास रिश्तों की, स्वाद परम्परा का...

समस्त जनपदवासियों को नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वाद जो दिल जीत ले!

शुद्धता का वादा
गुरुजी स्वीट्स
नवरात्रे स्पेशल : पंजीरी व अन्य आइटम
प्रोप. : आशीष अग्रवाल, नि. नगराध्यक्ष भाजपा, बिजनौर
नामित सभासद नगर पालिका परिषद, बिजनौर मो. 9837415311
ललित सैनी पूर्व नगर मंत्री भाजपा, बिजनौर
सभासद- नगर पालिका परिषद, बिजनौर मो. 9837515819
आर्य समाज बिल्डिंग, सिविल लाइंस, बिजनौर

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE



डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें
आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# पुलिस ने कांग्रेस नेता अभिनव अग्रवाल को किया हाउस अरेस्ट



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मकबरा निवासी कांग्रेस नेता अभिनव अग्रवाल एडवोकेट को पुलिस ने बीती शाम उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचकर उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया तथा दिल्ली में जंतर मंतर पर होने वाले प्रोटेस्ट में जाने नहीं दिया। कांग्रेस नेता अभिनव अग्रवाल ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पिछले कई दिनों से देश में कांग्रेस द्वारा वोट चोरी व चुनाव आयुक्त के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान व आज जंतर मंतर पर होने वाले सीजेपी के प्रोटेस्ट से डर गई है। इसलिए सरकार मनमानी से लोगों को प्रोटेस्ट में जाने से रोक रही है। दिल्ली को किलेबंदी में तब्दील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है। जनता इस सरकार को बर्दाश्त नहीं करेंगी तथा आने वाले चुनाव में इस सरकार को उखाड़ कर फेंक देंगी।

## नजीबाबाद के मेजर दानिश को दिल्ली में मिला 'हिंद रतन अवार्ड



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के रहने वाले मेजर दानिश फारूकी को नई दिल्ली स्थित इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित भव्य समारोह में प्रतिष्ठित 'हिंद रतन अवार्ड-2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाजसेवा, राष्ट्रसेवा, नेतृत्व, सामाजिक प्रभाव तथा देश व समाज के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। केटीजेएस ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित हिंद रतन अवार्ड-2026 समारोह में मेजर दानिश फारूकी को विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें सम्मान-पत्र, स्मृति-चिन्ह एवं पदक प्रदान किया गया। सम्मान-पत्र में मेजर दानिश को नेतृत्व एवं सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों तथा राष्ट्र एवं समाज के प्रति योगदान के लिए सम्मानित किए जाने का उल्लेख किया गया है। उन्होंने भारतीय सेना में विधिक अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई है। मेजर दानिश फारूकी भारतीय सेना की जज एडवोकेट जनरल शाखा से जुड़े अधिकारी हैं। सैन्य सेवा के दौरान उन्होंने सेना के विभिन्न महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने अपने सैन्य जीवन की शुरुआत इन्फैंट्री के साथ की व अरुणाचल प्रदेश जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में सेवा की। इसके बाद उन्होंने उत्तरी कमान मुख्यालय, 11 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स, सशस्त्र सेना अधिकरण, लखनऊ तथा जम्मू-कश्मीर के नागरोता छावनी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर विधिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी अनेक प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।

## फिरकापरस्त ताकतों के अंत से होगी मुलायम को सच्ची श्रद्धांजलि: मुनव्वर अली



नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मुनव्वर अली ने सपा के संस्थापक, किसान, मजदूर, अल्पसंख्यकों एवं पिछड़ें, दलितों के रक्षक स्व. मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब फिरकापरस्त ताकतों का अंत होगा तथा किसान, मजदूर, पिछड़े खुशहाल होंगे। श्री अली ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूरी ताकत के साथ सड़कों पर नेताजी की विचारधारा को मजबूती के साथ लेकर संघर्ष कर रहे है। उनका संघर्ष सपाईयों का हौसला बुलंद कर रहा है। यह 2027 के चुनाव में भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार को धराशायी करेगा तथा पूर्ण बहुमत से सपा की सरकार बनेगी।





नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं

असली इलेक्ट्रिक

ATHER

एथर इलेक्ट्रिक इंडिया का नं. फैमिली स्कूटर



लिमिटेड स्टॉक

नवरात्रों के लिये बुकिंग प्रारंभ

अपनी पसंद का स्कूटर आज ही बुक करायें।

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 9119766026

DHAMPUR :

Indra Nagar Colony Near AYushman Hospital Dhampur MOb. 9762717747

# सोती हत्याकांड : दिल्ली के वकील राजनारायण सिंह की अग्रिम ज़मानत ख़ारिज

## हाईकोर्ट की तल्ख़ टिप्पणी-सच सामने लाने के लिए हिरासत में पूछताछ ज़रूरी

**बिजनौर( चिंगारी )।** 82 वर्षीय अनिल कुमार सोती हत्याकांड में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सह-आरोपी दिल्ली के अधिवक्ता राजनारायण सिंह की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकल पीठ ने घटना की गंभीरता और पुलिस जांच में सामने आए साक्ष्यों को देखते हुए राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि साजिश का सच सामने लाने के लिए आरोपी से हिरासत में पूछताछ जरूरी है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, अनिल सोती और उनके भतीजे गौरव सोती के बीच संपत्ति विवाद चल रहा था। आरोप है कि राजनारायण सिंह विवादित जमीन बिकवाकर कमीशन कमाना चाहते थे। अनिल सोती के जमीन बेचने से इनकार करने पर उन्होंने अपनी क्लर्क निशा उर्फ अंजुम परवीन के जरिए हत्या की साजिश रची। उन पर क्लर्क को कथित तौर पर 10 लाख रुपये की सुपारी देने और 80 हजार रुपये अग्रिम भुगतान करने का आरोप है। शुरुआती एफआईआर में राजनारायण का नाम नहीं था, लेकिन क्लर्क के कबूलनामे में उनकी भूमिका सामने आने का दावा किया गया।

### आठ बार रेकी, 28 बार फोन पर बातचीत

सरकारी वकील ने अदालत को बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर सात गंभीर चोटें मिलीं और मौत का कारण गला घोंटना बताया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी राजनारायण 31 जनवरी से 28 जून 2026 के बीच आठ अलग-अलग तारीखों पर घटनास्थल के आसपास गया था। उनकी क्लर्क निशा से 28 बार फोन पर बातचीत हुई। हत्या से एक दिन पहले, 5 अगस्त को भी दोनों के बीच 40 सेकंड तक बात हुई थी।

पुलिस के अनुसार, आरोपी जांच में सहयोग नहीं कर रहे। मोबाइल फोन बंद कर फरार हैं और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे हैं।

हाईकोर्ट ने कहा कि मामला जांच के शुरुआती चरण में है और आरोप गंभीर हैं। अदालत ने सवाल उठाया कि दिल्ली में वकालत करने वाले आरोपी बार-बार मृतक की संपत्ति से जुड़े स्थान पर क्यों जा रहे थे। बचाव पक्ष आरोपी को झूठा फंसाए जाने का आधार साबित नहीं कर सका। अदालत ने प्रारंभिक जांच में पर्याप्त आधार मानते हुए अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया।

### डेढ़ महीने बाद भी गिरफ्तारी नहीं

अनिल सोती की हत्या 6 अगस्त 2026 को उनके आवास पर हुई थी। पुलिस ने 18 अगस्त को निशा उर्फ अंजुम परवीन समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जबकि राजनारायण सिंह तभी से फरार है। इससे पहले 11 सितंबर को बिजनौर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सप्तम ने भी उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। करीब डेढ़ महीने बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी। उपलब्ध विवरण के अनुसार, उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट हासिल करने और संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई भी शुरू नहीं हुई थी। खबरों में गिरफ्तारी से बचने के लिए प्रभावशाली लोगों के जरिए पुलिस अधिकारियों पर दबाव बनवाने के आरोप भी सामने आते रहे हैं।




# डोमिनोज के बाहर धरने पर बैठे डिलीवरी ब्वॉय

**बिजनौर( चिंगारी )।** एसआरएस मॉल स्थित डोमिनोज आउटलेट के बाहर डिलीवरी बॉय भुगतान में कटौती के विरोध में धरने पर बैठ गए। डिलीवरी बॉय का आरोप है कि कंपनी ने 2 से 3 किलोमीटर की डिलीवरी का भुगतान 21.79 से घटाकर मात्र 5 कर दिया है। इससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शन कर रहे डिलीवरी बॉय ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

धरने पर बैठे शिवम का कहना है कि 2 से 3 किलोमीटर की डिलीवरी के लिए उन्हें कम से कम 25 से 30 रुपये तक भुगतान मिलना चाहिए। उनका आरोप है कि अन्य जनपदों में इतनी दूरी की डिलीवरी के लिए 25 से 30 या उससे अधिक का भुगतान किया जाता है, जबकि बिजनौर में उन्हें बेहद कम राशि दी जा रही है। इसके अलावा उन्हें कोई इंसेंटिव भी नहीं मिलता, जिससे उनकी आमदनी पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

गौरव कुमार ने कहा कि इतनी कम राशि में पेट्रोल और वाहन के रखरखाव का खर्च निकालना भी मुश्किल हो रहा है। कंपनी की इस नीति से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि उनके साथ अन्याय किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरने पर अभिषेक, गौतम, नकुल, निखिल, अभिषेक, कृष्ण कुमार, राकेश कुमार,कर्मेंद्र, विशाल कुमार, मनीष कुमार, वासु, प्रशांत कुमार, गुरनाम सिंह, गौरव वर्मा आदि मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी



**भली लगे या बुरी...**

## सड़क संस्कृति और दुर्घटनाएं

महानगरों में बढ़ती भीड़ इतनी तेजी से बढ़ रही है कि आंखें नहीं ठहरतीं। रेंग-रेंग कर आगे बढ़ती भीड़ सांस तक लेना दूभर। ऐसे में देश में सड़कों पर होने वाले हादसों की तादाद भी लगातार बढ़ती जा रही है। वैसे तो पूरे देश में रोज ही सैकड़ों की संख्या में सड़क हादसे होते हैं, लेकिन जब मामला किसी विशेष व्यक्ति के साथ हुई दुर्घटना से जुड़ता है, तभी इस पर संजीदा बहस जोर पकड़ती है। यहां तक कि कभी-कभार ऐसी जानलेवा लापरवाही के शिकार कुछ बड़े लोग भी हो जाते हैं। कुछ साल पहले दिल्ली के मोतीबाग इलाके में एक लालबत्ती पर हुई सड़क दुर्घटना में तत्कालीन केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री एवं महाराष्ट्र भाजपा के कद्दावर नेता गोपीनाथ मुंडे का निधन हो गया था। तेजी से बढ़ रहीं ऐसी सड़क दुर्घटनाओं के बाद यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि यातायात नियमों के प्रति हमारा समाज कितना लापरवाह है कि न तो उसे लालबत्ती के सिगनल सूचकों की परवाह होती है और न ही वह सड़क नियामकों की परवाह ही कर रहा है। ऐसी दुर्घटनाओं के बाद यह सवाल भी खड़ा होता है कि जब देश की राजधानी तक की सड़कों पर यातायात नियमों का इतना उल्लंघन हो रहा है तो बाकी जगहों पर क्या हाल होगा।

दरअसल, यह कोई वीआईपी अथवा आम नागरिक से जुड़ा मसला नहीं है, फिर भी चर्चा और बहस की गुंजाइश तभी बनती है जब मामला किसी विशेष व्यक्ति से जुड़ता है। ऐसी दुर्घटनाओं में गलती चाहें जिसकी भी हो, लेकिन मामला हमारे सड़क संस्कार के प्रति लापरवाही से ही जुड़ा है। अगर आंकड़ों पर नज़र डालें तो प्रत्येक साल लगभग डेढ़ लाख से ज्यादा अर्थात प्रतिदिन पांच सौ के आसपास लोग सड़क दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। तमाम यातायात नियमों एवं कड़े दंड प्रावधानों के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं का यह सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा, बल्कि साल दर साल इसकी संख्या में इजाफा ही देखा जा रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि आखिर वे कौन से कारण हैं कि हम अभी तक इस समस्या पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं। इस समस्या के दो प्रमुख कारण नज़र आते हैं। पहला यह कि हमारे नागरिकों में सड़क संस्कृति की समझ विकसित नहीं हो पा रही है और हम सड़क अनुशासन को मानने के लिए खुद को प्रतिबद्ध नहीं कर पा रहे हैं। वहीं दूसरा कारण सरकार की तरफ से इस दिशा में किए गए नाकाफी उपाय भी हैं। दरअसल, सड़क पर चलने के कुछ नियम होते हैं, जिनका अनुशासित ढंग से पालन करना सभी के लिए अनिवार्य होता है। सड़क संस्कृति का अनुपालन किसी दंड के भय पर आधारित न होकर सड़क संस्कार की समझ पर आधारित होना चाहिए।

# भारत एक कृषि प्रधान देश है!

**▶▶अश्विनी कुमार दुबे**

**हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है। यह मैंने आज सोचा, जब मैं तीस रुपए किलो के भाव से गेहूं खरीद कर लाया। हमारे नेता बहुत दिनों से इस विषय पर सोच रहे हैं, उसी का परिणाम है कि आज हमें तीस रुपए किलो के भाव से गेहूं खरीदना पड़ रहा है।**

खुशी की बात है कि कृषि प्रधान देश में कोई कृषि नीति नहीं है,दरअसल हमारी नीति है कि किसी भी चीज के यदि एक बार भाव बढ़ गए तो बढ़ गए, फिर भाव नीचे नहीं उतरने देना है। भाव गिरने से बाजार में इज्जत खराब हो जाती है। बढ़े हुए दामों को स्थिर रखने या फिर और बढ़ाने के लिए हम सदा प्रयासरत रहते हैं। यह प्रगति है। देश का इसी नीति से भला हो रहा है।

अखण्ड भारत के गीत गाते हम नहीं अघाते, परन्तु विभिन्न राज्यों में हो रहे कई प्रकार के उत्पादन और उसके वितरण के लिए हमारी नीतियां बहुत अलग-अलग हैं। वितरण की वे नीतियां, परिवहन के बढ़े-चढ़े दाम और राज्यों की अपनी क्षेत्रीय भावनाओं के कारण कहीं गन्ने की फसल जला दी जाती है और कहीं पचास रुपए में एक गन्ना मिलता है।

नेताओं को आजकल कुछ खरीदने और बेचने में बड़ा मजा आ रहा है। शुरू-शुरू में एक शब्द बहुत चलता था-चंदा। चुनाव के लिए चंदा, अधिवेशन के लिए चंदा, समाज कल्याण के लिए चंदा, इसके लिए चंदा उसके लिए चंदा...। अब यह शब्द बहुत घिस गया है। आजकल जिस शब्द का चलन है, वह है कमीशन, पार्टी फंड के लिए कमीशन। नौकरशाहों के लिए कमीशन। दूसरों के लिए कमीशन। अपने लिए कमीशन...। कमीशन के लिए जुगाड़ चालू आहे। हर नेता, नौकरशाह और दलाल इसी जुगाड़ में लगा हुआ है कि जैसे भी हो कुछ ऐसा करो, जिसमें कमीशन हो। कमीशन है तो जीवन सुखी है। बिन कमीशन है सब सून। भैया जी की पत्नी मंदिर में प्रार्थना करती है- प्रभु कष्ट हरो सबके। प्रभु तुम तो अन्तर्यामी हो, सब भीतर की बात जानते हो। प्रभु, कृपा बनाए रखना। आजकल सीबीआई और ईडी वालों का बड़ा खतरा है। इनकी कुदृष्टि से उन्हें बचाते रहना प्रभु। परदेश से उनके लौटते ही कुशल क्षेम पूछकर, आपको सवा पांच रुपए का प्रसाद मैं जरूर चढ़ाऊंगी। जय हो प्रभु।

पिछले दिनों देश में गेहूं, धान और तिलहन का पर्याप्त स्टॉक था। देश में विदेशी मुद्रा का संकट सदा बना रहता है। देश में गरीबी है, भुखमरी है और बेरोजगारी है। परन्तु हमें सबसे पहले विदेशी मुद्रा के संकट से निपटना है। सिर्फ पर्यटन के भरोसे यह संकट कैसे दूर होगा। ताजमहल, अजंता-एलोरा और कुतुबमीनार से तो विदेशी मुद्रा का संकट दूर नहीं हो सकता। इसके लिए निर्यात जरूरी है। हम नई मिसाइलें बनाने और हीरा खोदने की विदेशी तकनीक खरीदते हैं तथा गेहूं, धान, शक्कर और बढ़िया चाय की पत्ती, विदेशों को बेच देते हैं। इधर कुछ वर्षों में विदेशों से खूब खरीदी हुई। हमारा भारतीय बाजार विदेशी सामानों से पट गया। संचार



के क्षेत्र में जो क्रांति हुई, उसके पीछे इसी विदेशी खरीद का योगदान है। हां, देश के कुछ महानगरों में किसी के दस-बीस बड़े बंगले बन गए। कुछ करोड़ रुपए सूटकेसों में सुरक्षित पाए गए और कुछ परम स्नेही मित्रों का उद्धार हो गया। पर आप जमीन से उठकर सेटेलाइट तक पहुंच गए, यह उपलब्धि किसी को क्यों दिखाई नहीं देती? टीवी पर दो सौ-तीन सौ चैनल जरूरी हैं, परन्तु गेहूं एवं अन्य खाद्यान्नों की कोई जरूरत नहीं है। बहुत स्टॉक है, इनका हमारे पास। विदेशों से लगातार कई वर्षों तक सामान खरीदते रहने के कारण देश ने बहुत प्रगति की। अब निर्यात की बारी है। सबसे पहले हमारा ध्यान खाद्यान्न भंडारों की ओर गया। हम धार्मिक लोग हैं। धर्म प्राण देश है यह। हमारे महापुरुषों ने कहा कि खुद भले ही भूखे सो जाओ, परंतु पड़ोसी को रोटी जरूर खिलाओ। बहुत दिनों बाद हमने इस नीति का पालन किया। अर्थात् गेहूं के भंडार विदेशों को निर्यात कर दिये। अब धान, तिलहन और शक्कर के विदेशी भाव तय किए जा रहे हैं। देश में विदेशी मुद्रा का संकट है, इसे दूर करना हमारा परम कर्तव्य है। इस संकट को दूर करते-करते विदेशी बैंक में कुछ नये खाते और खुल जाएं तो उसे अन्यथा नहीं लेना चाहिए। हर उपलब्धि के साथ कुछ न कुछ विसंगतियां जुड़ी रहती हैं। अब इन छोटी-छोटी बातों में सीबीआई, ईडी और न्यायपालिका उलझी रहेगी तो हो गया फिर देश का उद्धार। गेहूं भारतीय बाजार से गायब हो। चावल के भाव आसमान छूने लगे। दाल खाना आम आदमी के लिए मुश्किल हो जाए और तिलहन के अभाव में खाद्य तेलों के भाव बहुत बढ़ जाएं, तब खाद्यान्नों का निर्यात देश की तरक्की के लिए बहुत जरूरी है।

हमारा देश, एक कृषि प्रधान देश है, जहां कृषि को छोड़कर शेष सभी विषयों पर खूब ध्यान दिया जाता है। आज़ादी के इतने वर्षों के बाद भी देश की कृषि योग्य भूमि में दो-तिहाई से ज्यादा भूमि सिंचाई सुविधाओं से वंचित है। जैसे हर साल होली, हर साल दिवाली ऐसे ही हमारे देश में कहीं न कहीं हर साल सूखा, हर साल भुखमरी। हमारा एक सूत्रीय कार्यक्रम है, यह प्रगति है। अब इस प्रगति के लिए आयात और निर्यात बहुत जरूरी है। इसलिए हमारी प्रमुख चिंता यह है कि क्या बेचें और क्या खरीदें? हमारे सुयोग्य अफसर रात-दिन इसी प्रकार की योजनाएं बनाने में कड़ी मेहनत करते हैं। पहले बहुत कुछ खरीदने की योजनाएं थीं। चाकलेट, बिस्कुट, पापड़, डिब्बा बंद भोजन से लेकर दूरदर्शन के लिए चैनलों की उन्नत टेक्नालॉजी तक हमने विदेशों से खरीद ली। इससे देश बहुत समृद्ध हुआ। अब निर्यात की बारी है। क्योंकि हमारा देश, एक कृषि प्रधान देश है, इसलिए निर्यात के लिए खाद्यान्न पदार्थों से बढ़िया चीजें और क्या हो सकती हैं? देश में ग़रीबी है, भुखमरी है और हमारी जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है, इससे हमारी कृषि नीति का कोई संबंध नहीं है। हमारी कृषि नीति निर्यात के प्रति पूरी तरह सजग है। भुखमरा होकर हमारा देश इसी प्रकार सदा कृषि प्रधान बना रहे इसके लिए हम पूरी तरह कटिबद्ध हैं। याद आती हैं ये पंक्तियां -

**तमगे रोटी न बने, नारे बने न दाल।**
**बैनर चिपके पीठ से, पेट रहे कंगाल॥**

(विभूति फीचर्स)

# ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा कोई अधिकारी, किसानों ने चौराहे पर कर दिया धरना जारी

## बाद में तहसीलदार पहुंचे, ज्ञापन लिया

**नहटौर (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा किसानो की समस्याओं को लेकर की गई बैठक में जब कोई अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा तो नाराज़ किसान हल्दौर चौराहे पर बैठक कर एसडीएम को बुलाने की मांग पर अड़ गये। मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी ने किसानों को समझने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने।**

हल्दौर चौराहे पर किसानों के आने से जाम जैसी स्थिति पैदा हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने किसानों को समझने का प्रयास किया। किसानों का कहना था कि उन्होंने पहले ही सूचना दी थी कि समस्याओं के निदान के लिए आप उनका शिकायती-पत्र लिया जाये, लेकिन कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। सीओ के बार-बार समझाने के बाद भी किसान मौके पर ही एसडीएम धामपुर को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। काफी देर बाद अधिकारियों के आदेश पर तहसीलदार मौके पर पहुंचे और ज्ञापन लेकर किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विशाल चौधरी, जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह, पुनीत तुषियार, रोहित राणा, शुभम कुमार,नगर



अध्यक्ष रिंकू राठी, पदम सिंह, यासिर, ब्लॉक मीडिया प्रभारी सुहैल, नीटू कुमार, दिलशाद अहमद, इताअत हुसैन जिला सचिव आदि सैकड़ो किसान उपस्थित रहें।

# ऐसी आंधी और बारिश का नहीं था अनुमान धान व गन्ने की फसलों को हुआ भारी नुकसान





## पेड़ और विद्युत पोल गिरने से कई मार्ग बाधित बिजली आपूर्ति ठप होने से किसान चिंतित

**हरेवली ( चिंगारी )।** शुक्रवार को तेज हवा के साथ हुई बेमौसम बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़ टूटकर गिर गए, विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त होने से कई गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर गन्ने की फसल भी गिर गई, जिससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिखाई देने लगी हैं।

क्षेत्र के ग्राम नगरपुर खड़क सैन के पास पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। ग्राम जाफरपुर में विद्युत लाइन का पोल गिरने से मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। अचानक आई बारिश और तेज हवा के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित रहा। खेतों में खड़ी धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचने की आशंका है। गन्ने की फसल गिरने से किसानों को आर्थिक नुकसान की चिंता सता रही है। किसानों का कहना है कि फसलों को पहले ही मौसम की मार झेलनी पड़ रही है, ऐसे में बेमौसम बारिश ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। हरेवली बिजलीघर के फीडर के जेई सुनील कुमार ने बताया कि तेज हवा और बारिश के कारण विद्युत लाइनों को नुकसान पहुंचा है। विद्युत कर्मचारी क्षतिग्रस्त लाइनों को ठीक करने में जुटे हुए हैं। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति सुचारु करने का प्रयास किया जा रहा है।

# नवरात्रों पर मां चामुंडा मंदिर की ओर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा








**बिजनौर ( चिंगारी )।** नवरात्रों के शुभ अवसर पर मां चामुंडा मंदिर की भव्य शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। धूमधाम से निकाली इस शोभायात्रा का शुभारंभ मंदिर प्रांगण से हुआ। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होर गुजरी। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस बीच मां के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में चार आकर्षक झांकियां, 31 गाड़ियों पर सजे कलश तथा दो बैंड शामिल रहे। बैंड की मधुर धुनों के साथ निकली गई शोभायात्रा ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, महामंत्री अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, लाखन, अशोक अग्रवाल, अमु अग्रवाल, हनी चौधरी, शिवम शर्मा, पीयूष सैनी, वन चौधरी, विकास चौधरी यात्रा में शामिल रहे।

# उर्दू शुद्ध भारतीय एवं मीठी जुबान- शीतल आज़ाद



काव्यगोष्ठी में शायरों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

## मासिक पत्रिका 'इबारत' के विमोचन अवसर काव्य गोष्ठी का आयोजन

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना में उर्दू की नई मासिक पत्रिका 'इबारत' के प्रथम अंक का भव्य विमोचन और काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने उर्दू भाषा के संरक्षण, संवर्धन और इसके उज्ज्वल भविष्य को लेकर विचार साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरफराज अहमद अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। परवेज आदिल ने मुख्य अतिथि खुर्रम शहजाद नूर का स्वागत किया। नगीना विधानसभा से आजाद समाज पार्टी की संभावित प्रत्याशी शीतल कुमारी ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए। मुख्य अतिथि खुर्रम शहजाद नूर, शीतल आजाद, अध्यक्ष डॉ.दाऊद मुल्तानी, सरफराज अंसारी, परवेज आदिल 'माही' और डॉ.आलमगीर काजमी ने संयुक्त रूप से पत्रिका का विमोचन किया। वक्ताओं ने इसे उर्दू भाषा के संरक्षण व उज्ज्वल भविष्य के लिए सराहनीय कदम बताया। डॉ.दाऊद मुल्तानी की अध्यक्षता और हकीम बहार शम्सी के संचालन में आयोजित काव्य गोष्ठी में शायरों ने समां बांधा। तसलीम अहमद तसलीम ने ताक में रखकर भुला बैठे हो तुम कुरआन को, यूं फंसाए बैठे हो मुश्किल में अपनी जान को.., तश्ना नगीनवी ने नई नस्लें फ्लावर पॉट में कैक्टस सजाती हैं, हमारे आंगनों से रात-रानी ख़त्म होती है.., डॉ.आलमगीर काज़मी ने अजीब यास अजब बेकसी का मंजर है, वो हंस के बोल रहे हैं बगल में खंजर है.., हकीम बहार शम्सी नगीनवी ने इक सितमगर के मुस्कुराने से, दिल अभी तक नहीं ठिकाने से.., हाफिज नगीनवी ने कौन है जो सर्द कर देता है सूरज का बदन, रात का आंचल सितारों से सजाता कौन है.., रईस अहमद राज ने देख आकर कभी उजड़ी हुई मेरी दुनिया, जिंदगी तेरे बिना कैसे बसर होती है.., यासीन रहबर ने हक व इंसाफ पे काइम वही पाए न गए, जिन के ज़ेहनों से कभी अपने पराए न गए.. आदि कलाम पेशकर खूब वाहवाही लूटी।

# पत्रकार प्रदीप चौहान ने किया रामलीला मंचन का शुभारंभ



किरतपुर ( चिंगारी )। नगर के प्रसिद्ध श्री झंडा रामलीला कमेटी की ओर से 168 वां मंचन कल रात शुरू हुआ, जिसका शुभारंभ श्री हनुमान धाम किरतपुर के संस्थापक प्रदीप चौहान ( पत्रकार ) ने भगवान श्री राम की विधि विधान से पूजा-अर्चना करके किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान राम के आदर्शों पर और समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति धर्म में समाज का काम करे तो उसकी सराहना करनी चाहिए, तभी समाज के युवा आगे आएंगे। रामलीला में नारद मोह का स्थानीय कलाकारों द्वारा शानदार मंचन किया गया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कपिल रस्तोगी पत्रकार, कोषाध्यक्ष नवनीत मित्तल, संरक्षक मुन्नू सिंह राठी, जुगल कालरा, योगेंद्र रस्तोगी, कस्तूरी लाल कालरा, रामपाल प्रजापति, डॉक्टर रंजीत सिंह, हनुमान सिंह चौहान, मकरध्वज चौहान, ऋषभ सिंगल, शांतनु गिरि, अशोक सैनी व अनिल चंद्रा, अरुण कुमार पुष्पक आदि मौजूद रहे।



# ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से उसके नीचे दब कर सफाईकर्मी की मौत

**धामपुर ( चिंगारी )।** कूड़ा डालने जा रही ट्रैक्टर ट्राली पलटने से सफाईकर्मी की ट्राली के नीचे दबकर मौत हो गई। मृतक ठेके पर काम करता था। मामले को लेकर बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग कोतवाली धामपुर पहुंचे और पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्तिक पुत्र राजेश निवासी जैतरा जीतनपुर रोजाना की तरह सफाई कार्य के लिए घर से निकल गया था। आरएसएम तिराहे से ट्रैक्टर ट्राली में कूड़ा भरकर भज्जा वाले की नहर के पास रोज की भांति चला गया था। इसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। बताया जाता है कि, कार्तिक ट्रैक्टर ट्राली पर बैठा था तभी ट्रैक्टर गहरे गड्ढे में उतरकर पलट गया। ट्राली के नीचे दबने से कार्तिक गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे की



सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और कार्तिक को जिला अस्पताल बिजनौर ले गई। जैसे ही घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को मिली तो परिजन और बाल्मीकि समाज के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए। उन्हें उम्मीद थी कि कार्तिक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जाएगा। परिजन करीब 1 घंटे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्तिक का इंतजार करते रहे। जब वह नहीं पहुंचा तो उन्होंने पुलिस से फोन पर संपर्क किया। इस पर उन्होंने बताया कि कार्तिक को सीधे बिजनौर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस जानकारी के बाद परिजन और वाल्मीकि समाज के लोगों में नाराजगी दिखाई दी। वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से कोतवाली पहुंचे और कोतवाली प्रभारी से मिलकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। वाल्मीकि समाज का कहना है कि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को धामपुर प्राथमिक उपचार दिलाने की व्यवस्था क्यों नहीं की गई।

## सुलेख प्रतियोगिता की विजयी छात्रा पुरस्कृत

**धामपुर ( चिंगारी )।** सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर पुरैनी में कक्षा सप्तम के भैया-बहनों की सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रूबी ने द्वितीय स्थान कशिश ने तथा तीसरा स्थान माही ने प्राप्त किया। विजेताओं को धनंजय कुमार एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य पीतांबर सिंह ने पुरस्कार देकर अच्छा लेखन करने की प्रेरणा दी।



विजेता छात्रा को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य।

## शिशु मंदिर में मनाया गया विश्व डाक दिवस



डाक दिवस पर नाटक प्रस्तुत करते हुए छात्र।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में विश्व डाक दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम मां शारदा की वंदना की गई। इसके पश्चात विद्यालय की आचार्या मोनिका द्वारा प्राचीन व वर्तमान डाक व्यवस्था के अंतर को एक लघु नाटिका के प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उजागर किया गया। उन्नति रानी ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विश्व डाक दिवस की स्थापना के बारे में बताया।

## नवरात्रि के अवसर पर सज गया कालिया वाला मंदिर

**धामपुर ( चिंगारी )।** शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व कल से शुरू होते ही नगर के प्रसिद्ध श्री कालिया वाला मंदिर, नगीना रोड पर भक्ति का माहौल देखने को मिलेगा। नाथ संप्रदाय के इस सिद्ध पीठ के मुख्य द्वार को रंग-बिरंगी झालरों, गुब्बारों और लाइटों से सजाया गया है। मंदिर समिति द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष पूजा-अर्चना की तैयारी के साथ मंदिर की सजावट की गई है। शारदीय नवरात्र पर नगर पालिका परिषद और पुलिस विभाग द्वारा भक्तों की सुविधा के लिए साफ सफाई और महिला सुरक्षा कर्मियों की विशेष व्यवस्था की गई है।



मंदिर कालिया वाले का मुख्य द्वार।

### विशाल भंडारे का आयोजन -

**मंदिर प्रांगण में शुक्रवार, 16 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से माँ भगवती के विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रीकिशन विपिन कुमार सर्राफ ने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर यह भंडारा पिछले कई वर्षों से परंपरागत रूप से आयोजित किया जाता है। उन्होंने समस्त नगरवासियों और श्रद्धालुओं से भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।**

## बड़ी मण्डी में गणपति पूजन के उपरांत किया गया झण्डा स्थापित

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री रामलीला समिति बड़ी मंडी धामपुर द्वारा प्रदर्शित किए जाने वाले रामानंद सागर कृत रामायण सीरियल के बड़े पर्दे पर प्रसारण से पूर्व शुक्रवार की शाम बड़ी मंडी प्रांगण में विघ्नहर्ता गणपति जी महाराज का पूजन करने के साथ रामलीला का झंडा स्थापित किया गया। पूजन पंडित ऋषि राम शर्मा ने वैदिक विधि विधान से संपन्न कराया, जिसमें मुख्य यजमान समाजसेवी दिनेश चौहान मौजूद रहे। इस अवसर पर समाजसेवी दिनेश चौहान (रेत बजरी सप्लायर) द्वारा झंडा स्थापित किया गया। इसके पश्चात मंच तैयार हुआ। आज शनिवार की शाम से सीरियल का प्रसारण शुरू हो जाएगा। पूजन कार्यक्रम में श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष अजय मित्तल मुन्ना, सचिव सुमित माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष नवनीत धनोरिया, संयोजक लाजपत राय अग्रवाल मुखिया, भूपेंद्र सैनी, कार्यक्रम प्रभारी पुरुषोत्तम अग्रवाल, विभूति कांत शर्मा आदि उपस्थित रहे।



रामलीला का झंडा लगाते हुए समाजसेवी दिनेश चौहान।

## 'नशा मुक्त विकसित भारत' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

### पवन कुमार ने पाया प्रथम स्थान

**धामपुर ( चिंगारी )।** आरएसएम महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में महाविद्यालय में 'नशा-मुक्त विकसित भारत संकल्प अभियान' के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने विद्यार्थियों को नशा-मुक्त भारत की शपथ दिलाकर किया। कार्यक्रम का संयुक्त रूप से संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी (छात्र इकाई) डॉ. हिमांशु त्रिपाठी तथा कार्यक्रम अधिकारी (छात्रा इकाई) डॉ. सीमा सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. हिमांशु त्रिपाठी ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और नशे की प्रवृत्ति युवाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा तथा भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। डॉ. सीमा सिंह ने कहा कि नशा-मुक्त समाज के निर्माण के लिए युवाओं, शिक्षण संस्थानों और परिवारों की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. मनोज कुमार, डॉ. रवि, तथा डॉ. देवेश पाठक, शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पवन कुमार ने प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप से विद्युत प्रकाश एवं हिमानी रानी को प्रदान किया गया। तृतीय पुरस्कार स्पर्धा रानी एवं अनंत चौहान को मिला। सांत्वना पुरस्कार खुशबू, केशव, लक्ष्मी नारायण तथा नितिन राजपूत को प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ. गोपाल कृष्ण तिवारी, डॉ. विनय दुआ सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## कलर बैल्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाये दमखम

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारत स्वरूप अकादमी के विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास, आत्मरक्षा कौशल तथा आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिजनौर द्वारा आयोजित कलर बेल्ट टैस्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में येलो बैल्ट माधव कौशिक, इशांत, धैर्य, अहमद, रूद्र राना एवं हसनैन रजा, ग्रीन बैल्ट अर्नव आर्य, राघव पाल, लक्ष्य, सायम एवं हनी ने प्राप्त की, जबकि ग्रीन वन एवं ब्लू वन बैल्ट क्रमशः पीयूष एवं मृत्युंजय ने प्राप्त की। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिजनौर के सचिव अंकुर चौधरी ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रधानाचार्या।

प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को प्रधानाचार्या उपासना यादव, ताइक्वांडो कोच दीपिका सिंह व शिवानी सिंह ने बैल्ट एवं प्रमाण प्रत्र देकर सम्मानित किया।

# 384 ग्राम पंचायतों में रोज़गार योजना की धीमी प्रगति पर डीएम हुए नाराज़

## सुधार के निर्देश दिये

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में विकसित भारत-जी राम जी योजना की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को योजना के तहत अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने और 12 अक्टूबर को विशेष रोजगार सृजन दिवस प्रभावी ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए। समीक्षा में सामने आया कि जिले की 1,123 ग्राम पंचायतों में से 739 में कार्य प्रगति पर हैं, जबकि 384 में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को धीमी प्रगति वाली ग्राम पंचायतों में तेजी लाने के निर्देश दिये। योजना के तहत श्रमिकों की ई-केवाईसी 96.92 प्रतिशत पूरी होने की जानकारी दी गई। शेष कार्य जल्द पूरा कराने को कहा गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और मुख्यमंत्री आवास योजना की भी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत निर्धारित 2,764 आवासों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 111 आवास स्वीकृत हुए हैं। डीएम ने पात्र लाभार्थियों को समय से लाभ देने और आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




# सपाइयों ने मनाया कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस



## हनी फैसल बोले-सामाजिक न्याय और समानता के लिए उनके विचार आज भी प्रासंगिक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शुक्रवार को बहुजन समाज के महान नेता कांशीराम जी का परिनिर्वाण दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विचार गोष्ठी आयोजित कर उनके जीवन और सामाजिक योगदान को याद किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने की और संचालन जिला कार्यालय प्रभारी अखलाक पप्पू ने किया। हनी फैसल ने कहा कि कांशीराम जी ने अपना जीवन शोषित और वंचित वर्गों को अधिकार व सम्मान दिलाने के लिए समर्पित किया। उनके विचार सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि कांशीराम जी के संघर्ष से प्रेरणा लेकर समाज में भेदभाव समाप्त करने और भाईचारे को बढ़ावा देने के प्रयास करने चाहिए। गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को याद करते हुए समान अधिकारों और वंचित वर्गों के सम्मान को मजबूत करने पर जोर दिया। इस अवसर पर राशिद हुसैन, सतपाल सिंह, महेंद्र सिंह, मंशाराम सैनी, राधा सैनी, मनोज राजपूत, सिकंदर कस्सार, प्रभा चौधरी, राजेश गोयल, संजय पाल, फैज़ अकरम, सलाउद्दीन, सरफराज अहमद, अफजाल उल हक, अहमद खिज़र खान सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथियां घोषित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पूर्वदशम (कक्षा 9-10) और दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजनाओं की संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति, सामान्य, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के पात्र विद्यार्थी निर्धारित समयसीमा में आवेदन करें। उन्होंने बताया कि नये विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर 2026 है, जबकि आवेदन की हार्डकॉपी 22 अक्टूबर तक विद्यालय में जमा करनी होगी। नवीनीकरण के आवेदन की हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित है। अधिकारी ने बताया कि छात्रवृत्ति का लाभ पाने के लिए बैंक खाते में आधार सीडिंग और एनपीसीआई मैपिंग अनिवार्य है। उन्होंने विद्यालयों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों से पात्र विद्यार्थियों के आवेदन समय से पूरे कराने तथा योजना का प्रचार-प्रसार करने की अपील की।

# विस्फोटक सामग्री स्टोर करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को आतिशबाजी बनाने के लिए लाइसेंस की निर्धारित क्षमता से अधिक विस्फोटक सामग्री जमा करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गंधक, पोटाश, काली राख और एल्यूमिनियम पाउडर समेत भारी मात्रा में सामग्री बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है।

सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस ने सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय, तहसीलदार नगर आशीष सक्सेना, राजस्व टीम और अग्निशमन विभाग की टीम की मौजूदगी में कार्रवाई की। इस दौरान मोहल्ला बुखारा निवासी साबिर पुत्र गुलाम मुस्तफा को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर ग्राम सिरधनी निवासी सईद पुत्र शकूर को भी गिरफ्तार किया है।

टीम की कार्रवाई के दौरान गंधक के नौ कट्टों में 336.860 किलोग्राम, काली राख के चार कट्टों में 182.915 किलोग्राम और पोटाश के छह कट्टों में 239.84 किलोग्राम सामग्री बरामद हुई। इसके अलावा 25 किलोग्राम एल्यूमिनियम पाउडर, 20 लीटर की एक पेंट कैन, लोहे की मिक्सर मशीन, तीन बड़े और तीन छोटे प्लास्टिक के टब तथा लोहे की एक छन्नी भी मिली। सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपियों का चालान कर दिया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम के सामने फिर उठा संजीव मिश्रा की पुत्री की मौत का मामला

**बिजनौर ( चिंगारी )। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला स्तरीय स्थाई समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिला प्रशासन एवं पत्रकारों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करने तथा बेहतर समन्वय बनाए रखने के साथ-साथ पत्रकारों की समस्याओं का प्रभावी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करना है।**

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ हैं और समाज को जागरूक करने तथा जनसमस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पत्रकारों से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों का समाधान जिला स्तर पर संभव है, उनका निस्तारण यहीं कराया जाएगा, जबकि जिला स्तर पर निस्तारित नहीं किए जा सकने वाले प्रकरणों को आवश्यक कार्रवाई के लिए शासन को संदर्भित किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके उचित समाधान का आश्वासन दिया।

बैठक में सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चंदोला ने समिति की मूल भावना, गठन एवं कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। समिति में पुलिस अधीक्षक पदेन सदस्य तथा सहायक निदेशक सूचना संयोजक सदस्य के रूप में शामिल होते हैं। बैठक के दौरान समिति के मान्यता प्राप्त पत्रकार सदस्यों ने पत्रकारों के विरुद्ध प्राप्त होने वाली शिकायतों की जांच राजपत्रित अधिकारी से कराए जाने की मांग उठाई। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि जांच में पत्रकारों के विरुद्ध की गई शिकायतें झूठी पाई जाती हैं, तो झूठी शिकायत करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त पत्रकार संजीव मिश्रा की पुत्री की मृत्यु से संबंधित प्रकरण की जांच की अद्यतन स्थिति से भी समिति को अवगत कराया गया। बताया गया कि प्रकरण की जांच अभी प्रक्रियाधीन है तथा जांच आख्या प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि के रूप में पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अभय कुमार पांडेय तथा समिति के मान्यता प्राप्त पत्रकार सदस्य डॉ. जमील अहमद, आसिफ अंसारी, शहजाद अंसारी, जहीर अहमद एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जितेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित सदस्य उपस्थित रहे।

# शाई होप के आतिशी शतक ने वेस्ट इंडीज को दिलाई बराबरी

**रांची ( एजेंसी/चिंगारी )।** कप्तान शाई होप की छह चौकों और नौ छक्कों से सजी नाबाद 102 रन की आतिशी शतकीय पारी की बदौलत वेस्ट इंडीज ने भारत को दूसरे टी 20 में शुक्रवार को नौ गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली।



भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 249 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन होप की 45 गेंदों में कप्तानी पारी की बदौलत वेस्ट इंडीज ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 252 रन बनाकर मैच को एकतरफा अंदाज में समाप्त कर दिया। होप ने अपना दूसरा टी20 शतक बनाया और वेस्ट इंडीज ने टी20 में अपनी सबसे सफल रन चेज हासिल की।

वनडे सीरीज़ में भी होप ने ही अंतिम मुक़ाबले में रिकॉर्ड चेज़ करने में अहम भूमिका अदा की थी और इस मुक़ाबले में भी वेस्टइंडीज़ की जीत के सूत्रधार होप ही बने।

वेस्टइंडीज़ के सामने एक बड़ा लक्ष्य था और पहले ही ओवर में मयंक यादव ने वेस्टइंडीज़ को दोहरा झटका दे दिया था। हालांकि होप और पॉवेल के बीच साझेदारी पनपी लेकिन पावरप्ले में दोबारा गेंदबाज़ी करने के लिए आने के बाद मयंक ने पॉवेल को चलता कर दिया। हालांकि इसके बाद रदरफ़ोर्ड और होप के बीच 57 गेंदों पर 120 रनों की आक्रामक साझेदारी हुई और फिर 27 गेंदों पर होप ने शेफ़र्ड के साथ 74 रनों की साझेदारी की जिसमें शेफ़र्ड ने 13 गेंदों पर 34 रनों की नाबाद पारी खेली। 19वें ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का जड़ते हुए होप ने अपना शतक पूरा करने के साथ ही वेस्टइंडीज़ को जीत भी दिला दी। नौवां छक्का था होप की इस पारी का और वेस्टइंडीज़ को दिला दी है जीत। वेस्ट इंडीज़ ने इस पारी में 34 डॉट गेंदें खेली, इसके बावजूद एक बहुत बड़े लक्ष्य को नौ गेंद शेष रहते हुए जीत लिया।

इससे पहले संजू सैमसन (82) शुरु में लय तलाश रहे थे और उन्हें एक जीवनदान भी मिला था। हालांकि जल्द ही सैमसन लय में आ गए लेकिन सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा उनका बहुत देर तक साथ नहीं दे पाए और चेज़ का शिकार बन गए। हालांकि लोकल ब्वॉय इशान किशन (43) ने सैमसन का साथ दिया और सैमसन ने इस प्रारूप में अपना नौवां अर्धशतक पूरा किया। हालांकि वह अपना शतक पूरा नहीं कर पाए और किशन भी अर्धशतक से चूक गए। शिवम दुबे भी सात ही रन बना सके। दुबे के आउट होने के बाद सैमसन का विकेट गिरा और पहले तीनों विकेट रॉस्टन चेज़ ने लिए जो कि वेस्टइंडीज़ की ओर से सबसे सफल गेंदबाज़ भी रहे। भारतीय पारी बीच में धीमी पड़ गई थी लेकिन एक बार फिर श्रेयस अय्यर (40) बेहतरीन लय में दिखे और तिलक वर्मा (नाबाद 44) ने भी ज़ोरदार आक्रमण करते हुए भारत को 249 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया। लेकिन अंत में इसका बचाव नहीं कर पाए।

## पैरा स्पोर्ट्स में अहम योगदान और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए खेल रत्न से सम्मानित हुई पारुल सिंह

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** दिल्ली पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष पारुल सिंह को पैरा स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने, दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने तथा पैरालंपिक खेलों के आयोजन और विकास में उनके योगदान के लिए खेल रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। दैनिक राष्ट्र सह्याद्रि मीडिया ग्रुप की सातवीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन में मराठी मेलावा एवं सह्याद्रि रत्न (खेल रत्न) पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में पैरा स्पोर्ट्स के क्षेत्र में योगदान देने वाली शख्सियतों और दिव्यांग खिलाड़ियों की उपलब्धियों को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। समारोह में केंद्रीय आयुष, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव तथा केंद्रीय समाज कल्याण राज्यमंत्री रामदास अठावले, महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल की उपस्थिति कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में शामिल रही। दिल्ली पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष के रूप में पारुल सिंह दिव्यांग खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही हैं।

## अमनदीप जोहल बने दिल्ली गोल्फ़ क्लब के नए कप्तान

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत के सबसे प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स संस्थानों में से एक, दिल्ली गोल्फ़ क्लब का नेतृत्व अब एक ऐसी टीम करेगी जिसका स्पोर्ट्स में शानदार बैकग्राउंड है। हाल ही में हुए दिल्ली गोल्फ़ क्लब के चुनावों में कामयाब खिलाड़ियों, नेशनल चैंपियन, प्रोफ़ेशनल गोल्फ़र और कोचों का एक बेहतरीन ग्रुप एक साथ आया है, जो भारत के इस प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स संस्थान का नेतृत्व करेगा। नए चुने गए कैप्टन अमनदीप जोहल एक पूर्व नेशनल गोल्फ़ चैंपियन, नेशनल कोच और प्रोफ़ेशनल गोल्फ़र हैं, जिनका गोल्फ़ के खेल से 50 साल पुराना नाता है। उनके साथ स्पोर्ट्स जगत की कई और जानी-मानी हस्तियां भी शामिल हैंः



– गौरव घई– एक बेहद कामयाब प्रोफ़ेशनल गोल्फ़र और पुरुषों की मेजर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले पहले भारतीय, जिनका इंटरनेशनल प्रोफ़ेशनल करियर शानदार रहा है। – मनशेर सिंह – अर्जुन अवॉर्ड विजेता और मशहूर इंटरनेशनल शूटिंग चैंपियन, जिन्होंने सबसे ऊंचे लेवल पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। – करण अटवाल – पूर्व जूनियर नेशनल गोल्फ़ चैंपियन, जिनका गोल्फ़ में मज़बूत कॉम्पिटिटिव बैकग्राउंड है। – विक्रम सेठी– पूर्व नेशनल गोल्फ़ कोच, जिन्हें गोल्फ़ टैलेंट को कोचिंग देने और निखारने का लंबा अनुभव है। यह कमिटी इसलिए खास है क्योंकि इसमें ऐसे लोग शामिल हैं जिन्होंने न सिर्फ़ यह खेल खेला है, बल्कि इसे जिया है, सबसे ऊंचे लेवल पर मुकाबला किया है, भारत का प्रतिनिधित्व किया है और खेल के विकास में योगदान दिया है।

## चोला चीफ्स ने काकतीय नाइट्स को हराकर दर्ज की सीजन-2 की पहली जीत

**हैदराबाद ( एजेंसी/चिंगारी )।** चोला चीफ्स ने आर्चरी प्रीमियर लीग (एपीएल) सीजन-2 में अपनी पहली जीत दर्ज करते हुए शुक्रवार को काकतीय नाइट्स को 6-2 से हराया। चीफ्स ने हर सेट की शुरुआत में अपने कंपाउंड तीरंदाजों के जरिए दबाव बनाने की रणनीति अपनाई, जो सफल रही। टीम की ओर से एपीएल में पदार्पण करने वाली कोलंबिया की अलेजांद्रा उस्कियानो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी आठ तीरों पर 10-10 अंक हासिल किए। इस जीत के बाद दोनों टीमों के खाते में दो मैचों में एक जीत और एक हार हो गई है। भारतीय तीरंदाजी संघ की पहल पर शुरू हुई दुनिया की पहली फ्रेंचाइजी आधारित तीरंदाजी लीग एपीएल में छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें 36 भारतीय और 12




शीर्ष अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज सहित कुल 48 खिलाड़ी शामिल हैं। हैदराबाद के पीपुल्स प्लाजा में आयोजित हो रही इस लीग का समापन 18 अक्टूबर को होगा। शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में भिड़ेंगी, जिसके बाद खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। मुकाबले के पहले सेट से ही चोला चीफ्स की रणनीति स्पष्ट नजर आई। टीम ने अपने दोनों कंपाउंड तीरंदाजों ऋषभ यादव और अलेजांद्रा उस्कियानो से पहले ही हाफ में उनके दोनों तीर चलवाए। इसका फायदा मिला और चीफ्स ने शुरुआती आठ तीरों में 40 में से पूरे 40 अंक हासिल किए। इससे काकतीय नाइट्स पर स्कोर का दबाव बढ़ गया। नाइट्स ने हालांकि अपनी नियमित रणनीति के अनुसार दो कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाजों को बारी-बारी से उतारा। दूसरे सेट में भी चीफ्स के कंपाउंड तीरंदाजों ने पूरे 40 अंक हासिल किए। दूसरी ओर, नाइट्स के नीरज चौहान को अपना आखिरी तीर चलाने के लिए बहुत कम समय मिला और वह केवल पांच अंक ही हासिल कर सके।

## अर्जेंटीना से विदाई के बाद मेसी ने कहा सब कुछ हो गया है

**ब्यूनस आयर्स ( एजेंसी/चिंगारी )।** स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने अर्जेंटीना के प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने का उनका फैसला नहीं बदलेगा। 39 वर्षीय मेसी ने मंगलवार को बेनिन के खिलाफ 3-0 से मिली फ्रेंडली जीत में अपना 126वां गोल करके अर्जेंटीना के लिए अपना 208वां और आखिरी मैच खेला। गुरुवार को मेसी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, सब कुछ कहा जा चुका है। और अब, सब कुछ हो गया है। मेरे दिल से बस यही शब्द निकल रहे हैं धन्यवाद, अर्जेंटीना। मेसी ने अपने पिता जॉर्ज के निधन के बाद और वर्ल्ड कप फाइनल में स्पेन से अर्जेंटीना की 1-0 से हार के कुछ हफ्ते बाद अगस्त में संन्यास की योजना की घोषणा की थी। ब्यूनस आयर्स के मोनुमेंटल स्टेडियम में उनके विदाई मैच में 80 हजार से ज्यादा फैंस शामिल हुए। इस मौके पर 10वें मिनट में खेल को रोककर आठ बार के बैलन डी ओर विजेता के लिए तालियां बजाई गईं और मैच के बाद एक ड्रोन शो हुआ।

## प्रो रेसलिंग लीग का छठा सीजन जनवरी 2027 में होगा

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) ने शुक्रवार को छठे सीजन के आयोजन की आधिकारिक घोषणा के साथ भारतीय खेल कैलेंडर में धमाकेदार वापसी की है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के तत्वावधान में होने वाली यह लीग 9 से 26 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम स्थित केडी जाधव कुश्ती एरिना में आयोजित की जाएगी। लीग के शुभारंभ समारोह में 2026 एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय पहलवानों को सम्मानित किया गया। पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किग्रा स्पर्धा में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाले सुजीत कलकल और पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाले अमन सहरावत को सम्मान मिला। इनके अलावा अंतिम पंघाल, नितेश सिवाच, दीपक पूनिया और सुनील कुमार को भी सम्मानित किया गया। छह पदक विजेताओं का यह सम्मान समारोह भारतीय कुश्ती की शानदार उपलब्धियों को समर्पित रहा। पीडब्ल्यूएल के छठे सीजन की मेजबानी दिल्ली को देना लीग को हर साल अलग-अलग फ्रेंचाइजी शहर में आयोजित करने की योजना का हिस्सा है।

# रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने सुंदर कला का प्रदर्शन किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के रमा जैन कन्या महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल एवं डॉ. भावना अरोड़ा के दिशा निर्देशन में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारतीय संस्कृति में रंगोली का महत्वपूर्ण स्थान है। प्रत्येक मांगलिक कार्य में रंगोली बनाना एक परंपरा रही है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को सेवा संकल्प अभियान से जोड़ना एवं उनमें कौशल विकास करना रहा। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं एवं महाविद्यालय की अन्य छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में अलीशा परवीन, मिस्कात परवीन, नूर सबा व राहेमीन का ग्रुप प्रथम रहा। द्वितीय स्थान लुबना, सानिया, झलक, वैष्णवी के ग्रुप ने प्राप्त किया।




खुशी व आरजू तृतीय स्थान पर रही। इसके अतिरिक्त खुशी, गौरी, मनीषा, मानसी, पायल, अंशिका चौधरी, सोनम, सानिया आदि अन्य छात्राओं ने भी बहुत ही सराहनीय कार्य किया। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ. केसी मठपाल ने छात्राओं के प्रयास की सराहना की। प्राचार्या डॉ. मृदुला त्यागी ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भाकियू चढ़ूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के जिला अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ बिजनौर रामोद कुमार ने अमरोहा पहुंचकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी व पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष सूबे सिंह डागर का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बिजनौर जिले की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात में अमरोहा जिला अध्यक्ष राहुल सिद्धू भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने ऐलान किया कि 15 अक्टूबर को सभी जिलों के डीसीओ कार्यालयों पर गन्ना भुगतान व किसानों की समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने किसानों के मुद्दों को मजबूती से उठाने की बात कही। इस अवसर पर बरकत अली, महबूब अली, दीपांशु कुमार, कृष्णा, भोपाल सिंह, प्रमोद प्रधान सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्कूल में किया गया वृक्षारोपण

**नजीबाबाद (चिंगारी)। पीस मॉडल स्कूल साहनपुर में अध्यापक/अध्यापिकाओं व विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण किया। स्कूल के प्रबंधक एम. अकरम खान एडवोकेट ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गोविंद सिंह कुशवाह, नीशू कश्यप, रूपाली पाल, मन्तशा परवीन आदि मौजूद रहे।**


## मिर्गी दौरे

**(मिर्गी के लक्षण)**

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



**(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)**

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

**45 वर्ष से आपकी सेवा में**

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


# पुरुष वर्ग से बीबीए व महिला वर्ग में बीकॉम ने जीता फ्रेशर कप



नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलजेस (एनजीआईसी) में आयोजित फ्रेशर्स कप 2026 के बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पुरुष वर्ग से जनीक सिंह (बीबीए) ने मोहम्मद अफ्फान (बीटेक) को सीधे 2 सेटो 11-07, 11-08 से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। वही गर्ल्स की तरफ से शिवानी (बीकॉम ऑनर्स) ने राधिका (लॉ) को 3 सीधे सेटों में पराजित कर खिताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग से मोहम्मद अफ़फान (बीकॉम) तथा गर्ल्स के तरफ से जाह्नवी (बीएड) रनर अप रहे। फाइनल मुकाबले में चारो खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना व अनुशासन का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का संचालन विवेक राजपूत एवं तरुण गहलौत (बैडमिंटन कॉर्डिनेटर) एवं तालिब (मैच रेफरी) का भी अहम योगदान रहा। टूर्नामेंट की क्लोजिंग सेरेमनी में संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर अवनीश अग्रवाल एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिनव अग्रवाल मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों ने प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले व रनरअप रहे खिलाडियों को शील्ड व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया।

# जिला सचिव बनने पर अब्दुल रहमान अल्वी भूरे को सम्मानित किया



नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)। आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन का जिला सचिव बनाए जाने पर वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल रहमान अल्वी (भूरे) को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष अफजाल अंसारी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंडावली स्थित मकरानी कॉम्प्लेक्स में जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी वाजिद मकरानी की ओर से किया गया। सम्मान समारोह के दौरान वाजिद मकरानी ने मीरमपुर बेगा निवासी वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल रहमान अल्वी व आईरा के जिला अध्यक्ष अफजाल अंसारी को प्रतीक चिह्न भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके अलावा आईरा के पदाधिकारियों नईम सिद्दीकी, जीशान नजीबाबादी, शहजाद मालिक, सूरज कुमार, मोहम्मद आलम व खिजर अहमद सहित अन्य लोगों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर वाजिद मकरानी ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है। पत्रकार अपनी कलम के माध्यम से दबे-कुचले, पीड़ित और शोषित लोगों की आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। आईरा के जिला अध्यक्ष अफजाल अंसारी ने संगठन की गतिविधियों व उद्देश्यों की जानकारी देते हुए नवनियुक्त जिला सचिव अब्दुल रहमान अल्वी से संगठन को अधिक मजबूत बनाने तथा पत्रकारों के हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इस अवसर पर नईम सिद्दीकी, जीशान नजीबाबादी, शहजाद मालिक, शमशाद आरजू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शमशाद आरजू एवं डॉ. मुजाहिद हुसैन ने किया। कार्यक्रम में फैजुर्रहमान, मोहम्मद शाहबाज, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद दानिश सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फुरकान खान के शार्गिद नफीस अहमद सपा के जिला उपाध्यक्ष बने

नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेशाध्यक्ष श्यामलाल पाल के अनुमोदन व जिला बिजनौर के वरिष्ठ नेताओं के सुझाव पर सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कस्बा जलालाबाद के मौहल्ला काजियान निवासी नफीस अहमद को पार्टी का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनसे आशा व्यक्त की गई है कि वह अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। नफीस अहमद सपा के वरिष्ठ नेता फुरकान खान के शार्गिद रहे है। नफीस अहमद वर्ष-2002 से सपा में रहकर फुरकान खान के नेतृत्व में पार्टी के लिए काम कर रहे ह। वह संगठन के हर कार्यक्रम में भाग लेते है। नफीस



अहमद सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन व अनिल यादव के कार्यकाल में चार बार जलालाबाद के सपा नगर अध्यक्ष, दो बार ब्लॉक अध्यक्ष, एक बार सपा व्यापार सभा के जिला उपाध्यक्ष व एक बार सपा के नगर पंचायत जलालाबाद के नामित सभासद रहे चुके है। प्रेस से बात करते हुए नफीस अहमद ने बताया कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे वह पूरी ईमानदारी के साथ निभाते हुए पार्टी के हित में काम करेंगे तथा आगामी 2027 के चुनाव में प्रदेश में सपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने, अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने व जिले की आठों सीटों पर सपा का परचम लहराने के लिए अपनी टीम के साथ एकजुट होकर काम करेंगे।

## होमगार्ड परीक्षा पास करने वाले 573 अभ्यर्थियों का मेडिकल 12 से

### 23 से 25 अक्टूबर तक महिला अभ्यर्थियों की होगी जांच

**बिजनौर ( चिंगारी )।** होमगार्ड एनरोलमेंट प्रक्रिया-2025 के तहत लिखित और शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण 573 अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण और पुलिस सत्यापन 12 अक्टूबर से पुलिस लाइन बिजनौर में होगा। जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स वेदपाल सिंह चपराना ने बताया कि पुरुष अभ्यर्थियों का मेडिकल 12 से 22 अक्टूबर तक प्रतिदिन 50 अभ्यर्थियों के हिसाब से होगा, जबकि महिला अभ्यर्थियों की प्रक्रिया 23 से 25 अक्टूबर तक चलेगी। अभ्यर्थियों को आज 10 अक्टूबर से कार्यालय से बुलावा पत्र जारी किए जायेंगे। मेडिकल में सफल अभ्यर्थियों का उसी दिन पुलिस सत्यापन संबंधी फॉर्म भरा जाएगा। असफल अभ्यर्थी उसी दिन मंडलीय चिकित्सा परिषद में अपील कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र पर निर्धारित तिथि में मूल शैक्षिक प्रमाण-पत्र, निवास व आरक्षण प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र, 12 पासपोर्ट साइज फोटो, चरित्र प्रमाण-पत्र, शपथ-पत्र और दो फाइल कवर सहित आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे। जिला कमाण्डेन्ट ने बताया कि प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने की तैयारी पूरी की जा रही है। पुलिस लाइन में संबंधित अभ्यर्थियों, ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा कर्मियों तथा पुलिस और होमगार्ड विभाग के कर्मचारियों के अलावा किसी अन्य का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

## शारदीय नवरात्रि

### प्रथम शैलपुत्री

शैल का अर्थ है हिमालय, पर्वतराज हिमालय के यहां जन्म लेने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहते हैं। मां शैलपुत्री को पार्वती स्वरूप में भगवान शंकर की पत्नी के रूप में भी जाना जाता है। कलश-स्थापना के बाद मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का पूजन किया जाएगा। नवरात्रि के प्रथम दिन योगीजन अपनी शक्ति मूलाधार में स्थित करते हैं और योग साधना करते हैं।





डा. मनोज वर्मा डा. शाश्वत वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्योहारा (बिजनौर)
डा. एन.पी. सिंह
20-धामपुर विधानसभा

## मेडिकल कॉलेज में विश्व दृष्टि दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मेडिकल कॉलेज के अस्पताल परिसर के ओपीडी ब्लॉक में विश्व दृष्टी दिवस का आयोजन नेत्र रोग विभाग अध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार के द्वारा किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य आमजनमानस को आंखों की बीमारी के कारणों एवं बचाव के बारे में जागरुक करना था। डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन, टैबलेट एवं अन्य डिजिटल उपकरणों का अत्यधिक उपयोग बच्चों की आंखों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। डॉ. अलोक त्रिपाठी ने आंखों के दान के लिए जनमानस को प्रेरित किया और कहा कि आप किसी के जीवन की रोशनी बनें। डॉ. दिनेश गोस्वामी ने बताया कि आंखों के लिए समय-समय पर जांच जरुरी है जिससे बीमारियों को टाला जा सकता है। प्रधानाचार्या डॉ. चौधरी ललिता ने बताया कि आंखों की बीमारी एवं उससे जुड़े बचाव के बारे में जानकारी होना जरुरी है, जिससे समय से पहले उपचार कर उसकी रोकथाम की जा सके। मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप से पीड़ित व्यक्तियों को नियमित रूप से आंखों की जांच करानी चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रजनीश शर्मा ने भी अपने संबोधन में विभिन्न नेत्र रोगों, उनके प्रमुख लक्षणों, बचाव एवं समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आंखें हमारे शरीर का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग हैं। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील मलिक, डॉ. अलोक त्रिपाठी, डॉ. दिनेश गोस्वामी, डॉ. दिनेश भाटी, डॉ. पूजा, डा. अमरदीप, डॉ. विदित दीक्षित, डॉ. रेखा, डॉ. नीलम, डॉ. सारिक एवं सभी रेजिडेंट व कर्मचारी उपस्थित रहे।




धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## निखिल को उतारा था मौत के घाट, दोषी दीपचंद को आजीवन कारावास

**बिजनौर ( चिंगारी )।** द्वितीय फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश डॉ. शहजाद अली ने सवा तीन साल पहले शराब के नशे में गाली गलौच करने और गाली गलौच का विरोध करने पर ग्राम पाहुली के निखिल को चाकू से हमला कर मौत के घाट उतारने के मामले में दीपचंद को निखिल की हत्या का दोषी पाकर उसे आजीवन कारावास तथा 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

वादी के अधिवक्ता विनोद कुमार एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत पंवार व प्रमोद कुमार शर्मा के अनुसार चांदपुर क्षेत्र के ग्राम पाहुली निवासी मुनिदेव पुत्र नन्द किशोर ने रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें उसने बताया कि 17 जून 2023 की शाम सात बजे जब घर पर उसकी मां बीना देवी और भाई निखिल मौजूद थे। उसके गांव व परिवार का तयेरा चाचा दीपचंद पुत्र बुद्ध सिंह शराब के नशे में बीना देवी से गाली गलौच कर रहा था। निखिल ने आरोपी को गाली देने को मना किया तो आरोपी दीपचंद ने जान से मारने की नियत से निखिल के पेट में चाकू से वार कर दिया, जिससे निखिल गंभीर रूप से घायल हो गया, उसकी मां के शोर पर आरोपी मौके से भाग गया। इसी बीच दीपचंद का भाई तेजपाल उनके मकान के जीने से नीचे उतर आया और तेजपाल ने भी मृतक की मां बीना देवी को जान से मारने की धमकी दी और गाली गलौच की। आनन-फानन में परिजन निखिल को अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर दीपचंद की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर उसे जेल भेज दिया। जब से आज तक दीपचंद जेल में ही बंद है। पुलिस ने दीपचंद को हत्या की धारा और उसके भाई तेजपाल को जान से मारने की धमकी देने के संबंध में अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। मामले की सुनवाई के दौरान वादी के अधिवक्ता विनोद कुमार ने अदालत के समक्ष तेजपाल पर भी हत्या का मुकदमा चलाने की याचना की जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। तेजपाल ने इस आदेश के विरुद्ध हाईकोर्ट में निगरानी दाखिल की जिसमें हाईकोर्ट ने अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया। विचारण न्यायालय ने दीपचंद की फाइल तेजपाल से अलग कर मामले की सुनवाई करते हुए मामले से जुड़े सात गवाहों को अदालत में पेश किया गया, जिन्होंने घटना का समर्थन किया। इस मामले में द्वितीय फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश डॉ. शहजाद अली ने गुरुवार को दीपचंद को दोषी करार दिया और शुक्रवार को आजीवन कारावास तथा बीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।



# गर्भवती की मौत के प्रकरण में डॉक्टर सहित पांच के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज होगा केस, अदालत ने दिये आदेश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गर्भवती महिला की इलाज के दौरान मौत के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीति चौधरी ने डॉक्टर समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिये हैं। महिला के पति ने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने और गलत दवा देने का आरोप लगाया था। मामले में न्यायालय ने थानाध्यक्ष नहटौर को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिये हैं। नहटौर के मोहल्ला नकटा बागवान छापाग्रान निवासी विपिन कुमार पुत्र बाबूराम सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि वह 25 अप्रैल 2026 को अपनी गर्भवती पत्नी भावना को इलाज के लिए विमला नर्सिंग होम ले गया था। वहां डा. राजकुमार और उनकी पत्नी डा. लक्ष्मी ने भावना को भर्ती कर इंजेक्शन लगाए और बोतल चढ़ाकर इलाज शुरू कर दिया। विपिन के मुताबिक, कुछ देर बाद भावना की तबीयत बिगड़ने लगी। उसने चिकित्सकों को इसकी जानकारी दी तो उन्होंने हालत ठीक होने का आश्वासन दिया। आरोप है कि इस दौरान इलाज में लापरवाही बरती गई। विपिन के चचेरे भाई सौरभ, जो स्वयं डॉक्टर हैं, ने दवा को घातक और जानलेवा बताया। इसके बाद भावना के बेहोश होने पर डा. राजकुमार ने उसे होश में लाने के नाम पर थप्पड़ मारे। प्रार्थना-पत्र के अनुसार, करीब दो घंटे बाद चिकित्सकों ने भावना की हालत गंभीर बताते हुए उसे दूसरे अस्पताल ले जाने को कहा। विपिन, पत्नी को लेकर निजी अस्पताल पहुंचा तो वहां के चिकित्सकों ने बताया कि भावना की करीब दो घंटे पहले ही मौत हो चुकी थी। पति ने आरोप लगाया कि गलत दवा देने और इलाज में लापरवाही के कारण उसकी पत्नी की जान गई। विपिन ने सरकारी अस्पताल स्याऊ से जुड़े सोनिका, परविंदर सिंह और डा. धर्मपाल के साथ डा. राजकुमार व डा. लक्ष्मी पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया। उसका आरोप है कि ये लोग गलत इलाज कराकर धन की हिस्सेदारी करते हैं और कथित रूप से दूसरे चिकित्सकों के माध्यम से नर्सिंग होम संचालित कराते हैं। मामले की सुनवाई के बाद सीजेएम प्रीति चौधरी ने डा. राजकुमार, उसकी पत्नी डा. लक्ष्मी, धर्मपाल, परविंदर और सोनिका सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने के आदेश थानाध्यक्ष नहटौर को दिये हैं।

### दबाव बनाने का आरोप

**विपिन के अनुसार, घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने उसकी पत्नी का पोस्टमार्टम कराया, लेकिन आरोप है कि बाद में उस पर समझौता करने का दबाव बनाया गया। एसपी और अन्य अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर उसने न्यायालय की शरण ली।**

# जनगणना 2027 के फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण हुआ पूरा

## आंकड़ों की गोपनीयता और शुद्धता का रखें ध्यान-सीडीओ



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जनगणना 2027 के फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम सत्र के प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े देश की नीतियों और विकास योजनाओं के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीडीओ ने निर्देश दिये कि जनगणना के दौरान प्राप्त सूचनाओं की गोपनीयता बनाए रखते हुए सभी कार्य निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार जिम्मेदारी से पूरे किए जाएं। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 में पहली बार स्वगणना की सुविधा भी दी गई है, जिसके तहत परिवार पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रगणकों को मोबाइल एप पर आंकड़े जमा करने से पहले स्वगणना में दर्ज जानकारी का सत्यापन करना होगा। इसलिए सभी फील्ड ट्रेनर्स तकनीकी प्रक्रियाओं और सत्यापन संबंधी नियमों को अच्छी तरह समझ लें, ताकि जनगणना का कार्य त्रुटिरहित और समयबद्ध तरीके से पूरा हो सके। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स और प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

# बस की टक्कर लगने के बाद स्कूटी से टकराया बछड़ा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम जीतपुर में रोडवेज बस की टक्कर लगने से एक निराश्रित बछड़ा दूसरी दिशा से आ रही स्कूटी से टकरा गया। जहां बछड़े की हालत गंभीर बताई जा रही है, वहीं दोनों स्कूटी सवार भी घायल हो गये। आज पूर्वाह्न लगभग साढ़े ग्यारह बजे नांगल-चंदक मार्ग पर स्थानीय बस स्टैंड से कुछ दूरी पर ग्राम जीतपुर में एक निराश्रित बछड़ा सड़क पर घूम रहा था। बिजनौर की ओर से आ रही रोडवेज बस के चालक ने बछड़े को बचाने का काफी प्रयास किया, मगर बस की टक्कर बछड़े को लग ही गई। बस की टक्कर के बाद बछड़ा नांगल की ओर से जा रही एक स्कूटी से टकरा गया। इस टक्कर में बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि स्कूटी सवार अदनान पुत्र मुस्तकीम तथा आकिल पुत्र हनीफ भी सड़क पर गिरकर घायल हो गये। परिजनों ने स्थानीय चिकित्सक से उनका प्राथमिक उपचार कराया। मुंह तथा हाथों पर लगी चोटों के अलावा एक युवक का हाथ फ्रैक्चर हो गया तथा दूसरे की पसलियों में चोट लगी है। स्थानीय चिकित्सक ने उन्हें हायर सेंटर के लिये रैफर कर दिया।

# नवरात्र पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, कुट्टू के आटे समेत आठ खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नवरात्र के अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न स्थानों से कुट्टू के आटे समेत कुल आठ खाद्य पदार्थों के नमूने लिये। विभाग ने खाद्य कारोबारियों और आमजन को पुराने एवं खुले कुट्टू के आटे का इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक भी किया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम आशीष मौर्य की टीम ने चांदपुर, धामपुर, नगीना और नजीबाबाद क्षेत्र में खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इनमें मिश्रित दूध के दो नमूने, बेसन के लड्डू, कुट्टूगिरी, देसी घी, कुट्टू का आटा, साबूदाना और मूंगफली दाना शामिल हैं। नमूनों को नियमानुसार संग्रहित कर जांच की प्रक्रिया के लिए भेजा जाएगा।

### पुराने और खुले कुट्टू के आटे की खरीद-बिक्री पर रोक



नवरात्र के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और शुद्धता बनाए रखने के लिए कारोबारियों को आवश्यक सावधानियां बरतने तथा उपभोक्ताओं को खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी गुणवत्ता पर ध्यान देने की अपील की गई। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम आशीष मौर्य के नेतृत्व में अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, डीके वर्मा, राजीव कुमार, नरेश कुमार, शम्भू दयाल, अनिल कुमार और रेनू सिंह शामिल रहे।

# मंडावर में श्रद्धा और उल्लास के बीच निकली राम बारात



**मंडावर ( चिंगारी )।** कस्बे में भगवान श्रीराम की बारात पूरी भव्यता और धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई। बैंडबाजों की गूंज और सुंदर झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पूरे कस्बे में उत्सव जैसा माहौल नज़र आया और राम बारात के दर्शन के लिए जगह-जगह लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। राम बारात का शुभारंभ कस्बे के मुख्य बाजार से हुआ। इसके बाद यह बाजार कलां, मिर्दगान और शाहविलायत सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए मेन बस स्टैंड पहुंची। अंत में मोहल्ला बाजार कलां में भ्रमण के पश्चात इस भव्य यात्रा का समापन हुआ। पूरे मार्ग में सजी आकर्षक झांकियां और बैंडबाजों की धार्मिक धुनें लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। यह आयोजन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सचिन गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में रजनीश गुप्ता, विपुल गुप्ता, बॉबी सक्सेना, प्रशांत कुमार उर्फ मोनू, सौरभ, सोनू राजपूत, राकेश कुमार और हिमांशु सहित कमेटी के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मंडावर थाना प्रभारी विपिन कुमार, कस्बा इंचार्ज रवि तोमर, सन्नी तोमर और विकास कुमार सहित भारी पुलिस बल ने चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए रखी, जिससे यह धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका।

# सुनील प्रधान ने किया आह्वान, 21 को पंचायत में पहुंचें किसान

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मानियावाला बिजलीघर पर शुक्रवार की अपराह्न आयोजित भाकियू (टिकैत) की मासिक पंचायत में किसानों ने जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान के सम्मुख क्षेत्र के किसानों की बिजली, भूमि एवं पुलिस से जुड़ी कई समस्याओं को उठाया। सुनील प्रधान ने एसडीओ विद्युत अमित कुमार, नायब तहसीलदार संजीव वाजपेई व अफजलगढ़ पुलिस को मौके पर बुलाकर समस्याओं से अवगत कराया और नायब तहसीलदार संजीव वाजपेई को जिलाधिकारी को संबोधित एक मांग पत्र भी सौंपा। सुनील प्रधान ने किसानों से कहा कि किसान अपनी बात को मनवाना जानता है, मगर अब किसान आराम परस्त हो गया है, वह अब घर से निकलना नहीं चाहता। पंचायत या आंदोलन में भी नहीं जाता। उन्होंने कहा कि किसानों को ऊर्जावान ढंग से एकजुट होना पड़ेगा और फिर समस्याओं के समाधान के लिए किसी की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने किसानों से 21 अक्टूबर को अधिकाधिक संख्या में बिजनौर पहुंचने का आह्वान किया। कहा कि नुमाइश ग्राउंड में बड़ी पंचायत होगी, जिसे मुख्य रूप से राकेश टिकैत संबोधित करेंगे, जिसमें जिले की सभी समस्याएं रखी जाएंगी। मौ. रियाज की अध्यक्षता व राणा सैनी के संचालन में आयोजित बैठक में उपस्थित सैकड़ों किसानों को तहसील अध्यक्ष गजेंद्र टिकैत, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, कविराज सिंह, सुखदेव सिंह, यूसुफ कुरैशी, शकील कुरेशी, हरि सिंह, खैल सिंह, जसवंत सिंह, करनैल सिंह, गुरविंदर सिंह, मितान सिंह आदि ने भी संबोधित किया।



किसानों को संबोधित करते जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान।

# पत्रकार गौरव गोयल के पिता की तेरहवीं पर नेताओं व पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

**नगीना ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पत्रकार गौरव गोयल के पिता स्वर्गीय विनोद गोयल की रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा में शुक्रवार को नेताओं, पत्रकारों, व्यापारियों और गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। धामपुर मार्ग स्थित कृष्णा बैंक्वेट हॉल में आयोजित सभा में स्थानीय सपा विधायक मनोज पारस, निकाय संघ के जिलाध्यक्ष शेख शहनवाज खलील, पूर्व सांसद मुंशीराम, चिंगारी के संपादक डॉ. सूर्यमणि रघुवंशी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल, व्यापारी एवं भाजपा नेता राजन टंडन गोल्डी, भाजपा के निवर्तमान क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, प्रमोद चौहान, अरविंद गहलोत, बिजनौर के प्रतिष्ठित व्यापारी दीपक गर्ग, विहिप के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, अग्रवाल सभा के प्रधान शीतल अग्रवाल, जिला पेट्रोलियम संगठन के जिलाध्यक्ष चौधरी दिग्विजय सिंह, राष्ट्रीय पत्रकार परिषद के अध्यक्ष प्रदीप जैन, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ मित्तल, शिव शंकर सक्सेना, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अब्दुल कय्यूम राइन, पूर्व उप श्रमायुक्त रोशन लाल, शरद अग्रवाल, राजन अग्रवाल, डॉक्टर आकाश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, नरेंद्र सचदेवा, नगर महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, साहू सुयश अग्रवाल, युवा सराफ अविरल मित्तल, अभिषेक अग्रवाल, हिंदू इंटर कॉलेज के प्रबंधक साहू कपिल अग्रवाल, अमित जैन विक्की, व्यापारी नेता प्रमोद जैन, विकास गुप्ता विक्की, एसएसके इंटरनेशनल एकेडमी के प्रबंधक साहू अनुभव अग्रवाल, लाला राधेश्याम महिला महाविद्यालय के प्रबंधक राकेश अग्रवाल, एलआरएस एकेडमी के प्रबंधक संजीव अग्रवाल, हलचल सोसायटी के निदेशक सुशील गुप्ता, डीएम महाविद्यालय के प्रबंधक अमित गुप्ता, सुनील कुमार शर्मा, प्रदीप कर्णवाल, विशाल मित्तल, सुभाष कपूर, रामदयाल सिंह, उर्दू शायर डॉ.आलमगीर काजमी, हास्य कवि हुड़दंग नागिनवी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक बिश्नोई, शेख मोहम्मद जमशेद, नंदकिशोर सैनी, राशिद उस्मानी, शेख मुनीर आलम, डॉ. मोअज्जम रियाजी, निखिल चौहान, अंकित चौहान, चांद मल्होत्रा, जय अग्रवाल, व्यापार मंडल युवा के जिला अध्यक्ष पवन यादव,मुकेश राजपूत, नगर पालिका के सभासद रामकुमार यादव, गोपाल शर्मा, मकसूद उस्मानी, मोहम्मद शानू, बदर मुनीम, राशिद,अफजाल कुरैशी, केशव दीक्षित,संजय शर्मा, सचिन सिंघल, नितिन सिंघल नजीबाबाद, पुष्कर गोयल मेरठ, नितिन कुमार, असद अहमद, विवेक गुप्ता, योगेश कुमार, विकास मल्होत्रा, मनीष राणा,नौशाद अंसारी,आफताब अंसारी, मोहम्मद नासिर समेत अनेक गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में गौरव गोयल के परिवार के विमल गोयल, सुनील गोयल, दीपक गोयल, शलभ गोयल, मोहित गोयल, हर्ष गोयल, गौरव गोयल, सुगंध गोयल, उमंग गोयल, कुशल गोयल, शुभ गोयल मौजूद रहे।


स्वर्गीय श्री विनोद कुमार गोयल के बड़े पुत्र मोहित गोयल को पगड़ी बांधते डॉ. आकाश अग्रवाल व पं. मार्कण्डेय।

## जेल गया दानिश, गलत काम किया था करके साजिश



**नूरपुर ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गत 26 सितम्बर को ग्राम राजा का ताजपुर के मोहल्ला रहमान चौक निवासी युवक दानिश पर अपनी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने व उसके साथ गलत काम करने का आरोप लगाते हुए पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद से आरोपी युवक फ़रार चल रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार करके उसका चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार, महिला उपनिरीक्षक वर्षा यादव, कांस्टेबल अनुज राणा मौजूद रहे।**

## होनी थी शादी, घर में आग लगने से हो गई बर्बादी

**नगीना ( चिंगारी )।** स्थानीय मुहल्ला लुहारी सराय में शॉर्ट सर्किट से एक घर में भीषण आग लग गई, जिससे लड़की की शादी के लिए खरीदा गया सामान जलकर राख हो गया। लुहारी सराय निवासी इकराम पुत्र अलाउद्दीन ने बताया कि रात में किसी समय घर के टॉयलेट में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे घर को चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटें उठती देख मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर एफएसओ दीपक कुमार के नेतृत्व में दमकल की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने काफी जद्दोजहद के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखा सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित इकराम ने बताया कि कमरे में उसकी बहन की शादी के लिए खरीदा गया सामान भी रखा था, जो आग में जल गया। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

## कबाड़ से जुगाड़ का उदाहरण पेश किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, चांदपुर में अभिभावक-शिक्षक बैठक का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को विभिन्न रचनात्मक, शैक्षिक एवं मनोरंजक कॉर्नर्स से सजाया गया, जहां भैया-बहिनों ने अपनी प्रतिभा, सृजनात्मकता एवं व्यावहारिक ज्ञान का अद्भुत प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा हस्तनिर्मित चित्रकला एवं शिल्पकला, छात्रों ने कबाड़ से जुगाड़ का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी एवं आकर्षक सामग्री बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विज्ञान के प्रयोगों एवं गणितीय मॉडलों के माध्यम से वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन, व्यावसायिक समझ एवं बाजार प्रबंधन का व्यावहारिक ज्ञान आदि ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। भैया-बहिनों की मधुर प्रस्तुतियों पर अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की और आनंद लिया।

## आशाएं इकट्ठा हो गईं सारी चलती ट्रेन में गूंजी किलकारी

**नगीना ( चिंगारी )।** लखनऊ में आयोजित धरने में शामिल होने जा रही कोतवाली ब्लॉक की आशा बहनों और आशा संगिनियों ने सूझबूझ से मानवता और सेवाभाव की मिसाल पेश की है। उन्होंने देहरादून-वाराणसी जनता एक्सप्रेस के चलते हुए कोच में एक गर्भवती महिला का न केवल सुरक्षित प्रसव कराया, बल्कि जच्चा-बच्चा दोनों की जान भी बचाई। महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया है। सीएचसी नगीना के प्रभारी डॉ.विशाल दिवाकर ने बताया कि विकासखंड कोतवाली की आशा बहनें और आशा संगिनियां शुक्रवार को लखनऊ में होने वाले धरने में शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार की रात ट्रेन से रवाना हुई थीं। यात्रा के दौरान एक गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। ऐसे में आशा संगिनी पूनम और आशा निशा ने तत्परता दिखाते हुए परिजनों की मदद से चादरों का पर्दा कराया और महिला का सामान्य प्रसव कराया। चलती ट्रेन में बच्ची की किलकारी गूंजते ही कोच का माहौल खुशी से भर गया। जच्चा और नवजात के स्वस्थ होने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और दोनों स्वास्थ्यकर्मियों का आभार जताया।



## साथ देना मोरा, विमल ने किया दौरा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन खंड से विधान परिषद की शिक्षक एमएलसी सीट हेतु उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अधिकृत प्रत्याशी विमलेंद्र शर्मा विमल ने शुक्रवार को शिक्षक नेताओं के साथ चांदपुर तहसील स्थित विभिन्न विद्यालयों का दौरा कर 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान में उनके नाम के आगे एक लिखकर प्रथम वरीयता मत देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सीबीएसई बोर्ड व वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन बोर्ड से प्रधानाचार्य एवं प्रवक्ता तथा टीजीटी के पदों हेतु होने वाली भर्ती में 10 साल के अनुभव पर 20 अंक दिलवाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षकों को सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों की भांति ही रिटायर होने पर अधिकतम 15 लाख तक की ग्रेच्युटी सरकार की ओर से दिलवाने हेतु नियमावली तैयार कराई जाएगी। प्रांतीय मंत्री सुधीर अग्रवाल ने कहा कि माध्यमिक शिक्षक संघ चेतनारायण ग्रुप ही एक ऐसा ग्रुप है, जो विधान परिषद में शिक्षकों की आवाज को बुलंद करने और शिक्षक हितों की रक्षा हेतु दिन-रात संघर्षरत है। शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी विमलेन्द्र शर्मा विमल ने हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर, वैदिक कन्या इंटर कॉलेज, एमएम इंटर कॉलेज फादर सन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल आधारशिला दा स्कूल, चांदपुर, श्री कृष्ण इंटर कॉलेज जलीलपुर आदि स्कूलों में जाकर शिक्षकों से मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ प्रांतीय मंत्री सुधीर अग्रवाल, अभय गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष मुरादाबाद, पूर्व जिला मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी, पंकज कुमार, जिला उपाध्यक्ष नसीमुद्दीन, विकास कुमार, अमित शर्मा आदि शिक्षक साथ में रहे।



# बाजपुर में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान, सीएम धामी ने किया हवाई सर्वेक्षण

## बाद में खेतों का निरीक्षण कर किसानों से की मुलाकात

**देहरादून ( चिंगारी )।** बाजपुर क्षेत्र में भीषण ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रभावित क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने खराब मौसम के बावजूद हेलीकॉप्टर से ओलावृष्टि प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया और इसके बाद खेतों में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने प्रभावित किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। जानकारी के अनुसार, कल अपराह्न करीब 12 बजे बाजपुर क्षेत्र में अचानक भीषण ओलावृष्टि हुई, जिससे खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा। उस समय मुख्यमंत्री धामी हल्द्वानी से देहरादून लौट रहे थे। ओलावृष्टि और फसलों को हुए नुकसान की जानकारी मिलते ही उन्होंने पायलट को हेलीकॉप्टर बाजपुर की ओर ले जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पहले हेलीकॉप्टर से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद बाजपुर में उतरकर प्रभावित खेतों का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर फसलों को हुए नुकसान, उनकी परेशानियों और जरूरतों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का विस्तृत सर्वेक्षण कर नुकसान का आकलन प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए।


खेतों का निरीक्षण करते सीएम धामी।

## आंधी और बारिश से जान आफत में आई दीवारे और पेड़ गिरे, ठप हुई विद्युत सप्लाई

**शेरकोट ( चिंगारी )। कल दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदलने के बाद आयी आंधी बारिश और ओलावृष्टि सेजनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज हवा चलने के कारण नगर के प्राथमिक विद्यालयों सहित कई स्थानों पर दीवारें और पेड़ गिर गए, जबकि धान और गन्ने की फ़सल गिर जाने से किसानो की चिंता बढ़ गई। विद्युत लाइन पर पेड़ गिरने के कारण ठप्प हुई विद्युत आपूर्ति दस घंटे बाद सुचारू हुई।**

शुक्रवार को तेज हवाओं के साथ जमकर हुई बारिश व ओलावृष्टि ने कुछ घंटों के लिए जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया। तेज हवा में नगर के प्राथमिक विद्यालय प्रथम व द्वितीय, सहित मुहल्ला निकम्मानाह निवासी हाफ़िज़ फारुख के मकान की बाउंड्री वॉल सहित कई पेड गिर गए। वहीं फतेहनगर निवासी इसरार अहमद के मकान की छत पर पड़ा टीन शेड उड़कर दूसरे व्यक्ति के मकान पर जाकर गिरा। गनीमत रहा कि घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई। नयागांव बिजली घर से नगर के विद्युत उपकेंद्र पर आने वाली 33 हजार की लाइन पर कई जगह पेड़ गिर जाने नगर की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई,जो रात दस बजे सुचारू हुई। तेज़


हवा और बारिश से खेतों में खड़ी धान और गन्ने की फ़सल को भारी नुकसान पहुंचा। खेतों में खड़ी फसल गिर जाने से किसान परेशान दिखाई दिये।

## वादे के पक्के निकले ठा. आयुष चौहान पैजनिया में कराया रामलीला मंच का निर्माण



**नूरपूर ( चिंगारी )।** ठाकुर आयुष चौहान ने अपने पिता पूर्व मंत्री स्वर्गीय ठाकुर यशपाल सिंह की स्मृति में पैजनिया में रामलीला मंच का भव्य निर्माण कराया। गत वर्ष जिला पंचायत सदस्य व आजाद समाज पार्टी के नूरपूर विधानसभा क्षेत्र से टिकिट के दावेदार ठाकुर आयुष चौहान ने क्षेत्र के गांव पैजनिया में रामलीला मंचन का उद्घाटन करते हुए घोषणा की थी कि अगले वर्ष तक रामलीला मंच का भव्य निर्माण कराएंगे। अपना वादा निभाते हुए उन्होंने अपने पिता ठाकुर यशपाल सिंह की स्मृति में पैजनिया रामलीला मंच का निर्माण अपने निजी खर्च पर लाखों रुपए की लागत से कराया। जिसे रामलीला मंचन से पूर्व आदर्श रामलीला कमेटी व ग्रामवासियों को समर्पित किया गया। शुक्रवार की शाम गांव में रामलीला मंचन का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ठाकुर आयुष चौहान के पुत्र अनन्तवीर सिंह व पुत्री तनीशा सिंह के कर कमलों द्वारा रामलीला मंच का लोकार्पण किया गया। तत्पश्चात ठाकुर आयुष चौहान ने रामलीला मंचन का फीता काटकर उद्घाटन किया। आदर्श रामलीला कमेटी व समस्त ग्रामवासियों ने उन्हें धन्यवाद करते हुए भविष्य में सहयोग का आश्वासन दिया। इस कार्य के लिये ठाकुर आयुष चौहान की चारों ओर प्रशंसा की जा रही है। इस अवसर पर मोहित त्यागी, प्रिंस त्यागी, बब्लू राजपूत, राकेश सैनी, गोविंद सैनी, मुदित त्यागी, जितेंद्र जाटव अर्नव सैनी आदि उपस्थित रहे।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

## गलती की थी भारी, अभिरक्षा में लिया गया बाल अपचारी

**शेरकोट ( चिंगारी )।** पुलिस ने नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी किशोर को अभिरक्षा में लेकर न्यायालय भेज दिया। क्षेत्र के गांव निवासी एक ग्रामीण ने बृहस्पतिवार को पुलिस को तहरीर देकर अपने ही गांव के एक किशोर पर 6 अक्टूबर को धामपुर पढ़ने जाने वाली अपनी 14 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने और नगीना मार्ग पर एक गांव के सम्पर्क मार्ग पर स्थित खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार की थी, जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पोक्सो एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी अपचारी को अभिरक्षा में लेकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे बाल संरक्षण गृह भेज दिया गया है।

## लोग गये डर, देखकर विशालकाय अजगर

**छाछरी मोड़ ( चिंगारी )।** आज सुबह लगभग 10 बजे क्षेत्र के गांव उलेढा में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के पास स्थित बिजलीघर के पास विशालकाय अजगर देखा गया। अजगर को देखने के लिये लोगों की भीड़ लग गई। गांव वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। फायर रेंज शाहपुर लाल चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने बिजली घर के पास झाड़ियां में छुपे अजगर को रेस्क्यू किया। अजगर का वजन लगभग 50 किलो बताया जा रहा है। गांव वालों का कहना है कि बिजली घर के आसपास घास और झाड़ियां खड़ी हैं, जिन में अक्सर सांप, बिच्छू पलते रहते हैं। झाड़ियों की सफाई कोई नहीं करता। क्षेत्र के सैकड़ो उपभोक्ता प्रतिदिन बिजली घर पर आते हैं। वन विभाग की टीम में महेश कुमार, अरविंद कुमार, हुकम सिंह, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि अजगर को सुरक्षित जंगल में छोड़ा



## पत्रकार रोहिल खान, फूकेंगे पत्रकारों के संगठन में जान

**किरतपुर ( चिंगारी )।** मौलाना मोहम्मद अली जौहर कॉलेज में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति (ABPSS) का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद की संस्तुति पर वरिष्ठ पत्रकार रोहिल खान को किरतपुर नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाशिम अहमद ने की, जबकि वरिष्ठ पत्रकार जहीर अहमद मुख्य अतिथि और इकबाल हिंदुस्तानी विशिष्ट अतिथि रहे। संचालन एडवोकेट हसन अली चौधरी ने किया। कार्यक्रम में पत्रकारों की सुरक्षा, अधिकारों और पत्रकार कानून की आवश्यकता पर जोर देते हुए एकजुटता का संदेश दिया गया। जिले भर से पहुंचे पत्रकारों के वाहनों का लंबा काफिला आकर्षण का केंद्र रहा। नगर इकाई में दिलशाद अल्वी और एडवोकेट हसन अली चौधरी को संरक्षक, शमीम अंसारी को महामंत्री तथा विकास कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वरिष्ठ पत्रकार जहीर अहमद को मीडिया गौरव सम्मान और इकबाल हिंदुस्तानी को बेहतर लेखन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगठन से इकबाल हिंदुस्तानी जिला सलाहकार,अल्ताफ रजा जिला महासचिव,अशरफ अली जिला उपाध्यक्ष,शाही अराफात सैफी जिला प्रवक्ता,सपना वर्मा जिला संयोजक महिला विंग,नसरीन



सैफी जिला महासचिव महिला विंग,नौशाद सैफी नगर अध्यक्ष नजीबाबाद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में किरतपुर टीम के वरिष्ठ पत्रकार साबिर मलिक, शरीफ मलिक, आफाक अहमद, श्रीमती रेणु, फरहा परवीन सहित अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में पत्रकारों की एकजुटता, सम्मान और सुरक्षा के लिये प्रमुखता से आवाज उठाई गई।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 11 अक्टूबर 2026**

मेष- स्वास्थ्य में पर्याप्त सुधार, भाग्योन्नति के नवीन आयाम, धार्मिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, विवाद का समापन।

वृषभ- व्यापार में धन निवेश, व्यापार में विस्तार एवं नवपरिवर्तन की योजना फलीभूत, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति संभव, आहार विहार में नवीनता।

मिथुन- आज दिन 10/04 बजे तक दिनमान विपरीत, क्रोध की अधिकता, मित्रों से किसी बात को लेकर अनबन, शेष समय में प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मनोरंजन में रुचि।

कर्क- आज दिन 10/04 बजे तक अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, शारीरिक सुख की अनुभूति, आपसी सम्बन्धों में तालमेल, शेष समय में व्यावसायिक हानि, वाहन से कष्ट। हानि भी।

सिंह- नवयोजना के प्रति रुचि जागृत, कठिनाइयों के निवारण का मार्ग प्रशस्त, मान सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, भौतिक सुख।

कन्या- अधूरे व नवकार्यों हेतु प्रियजनों से विचार-विनिमय, कुछेक समस्याएं आपके पक्ष में सुलझने की ओर, स्वाध्याय की ओर रुचि, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल।

तुला- आज दिन 10/04 बजे तक कठिनाइयों में वृद्धि, प्रियजनों से कटुता, प्रतिष्ठा पर आघात, अध्ययन में निराशा, शेष समय में आर्थिक पक्ष बेहतर, भाग्योन्नति।

वृश्चिक-आज दिन 10/04 बजे तक उन्नति का सुयोग, पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, सद्विचारों का उदय, शेष समय में असफलता, शत्रु सक्रिय, आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम।

धनु- बुद्धिचातुर्य से संकल्पसिद्धि, अध्यवसाय की ओर रुझान, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का लाभ, परिवार में मांगलिक कार्यक्रम संपादित, धन संचय की ओर प्रवृत्ति

मकर- मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, नवीन समाचार की प्राप्ति से हर्ष एवं उल्लासमय वातावरण, आपसी सम्बन्धों में सामंजस्य, राजकीय पक्ष से लाभान्वित।

कुम्भ- आज दिन 10/04 बजे तक कार्यों में अवरोध, भाग्य में न्यूनता, आत्मीयजनों से तनाव, शेष समय में विवाद का समापन, सफलता का सुयोग, नवयोजना का श्रीगणेश।

मीन- आज दिन 10/04 बजे तक विचारित योजना पूर्ण, महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रयत्नशील, धन लाभ का अवसर, शेष समय में प्रतिकूलता, सोचे हुए कार्य अपूर्ण।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# पितृ अमावस्या पर गंगा बैराज पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## तर्पण और दान-पुण्य कर मांगी पूर्वजों की शांति

**बिजनौर (चिंगारी)।** पितृ अमावस्या के पावन अवसर पर शनिवार को बिजनौर स्थित गंगा बैराज पर आस्था का सैलाब उमड़ आया। गंगा स्नान के लिए तड़के से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह दिन चढ़ने के साथ और अधिक बढ़ता गया। श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर अपने दिवंगत पितरों का स्मरण किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए विधि-विधान से तर्पण, पिंडदान तथा पूजा-अर्चना की।

हिंदू धर्म में पितृ अमावस्या का विशेष और अत्यधिक महत्व माना जाता है। इस दिन लोग अपने पूर्वजों को याद कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। इसी धार्मिक मान्यता और परंपरा के चलते गंगा बैराज घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। लोगों ने गंगा स्नान के उपरांत पितरों के निमित्त तर्पण किया और अपने पूरे परिवार की सुख-समृद्धि व कल्याण की कामना की।

धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-पाठ करने के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर दान-पुण्य भी किया। कई लोगों ने अपने पूर्वजों के नाम पर जरूरतमंदों को दान देकर पुण्य अर्जित किया। इस दौरान पूरा गंगा घाट मंत्रोच्चार, पूजा-पाठ और धार्मिक गतिविधियों से गूंज उठा, जिससे पूरे क्षेत्र में एक बेहद पवित्र और भक्तिमय वातावरण बना रहा।



दूर-दराज से आए श्रद्धालु अपने परिवारों के साथ गंगा बैराज पहुंचे और स्नान व अनुष्ठान संपन्न करने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। पितृ अमावस्या के इस पावन पर्व पर गंगा तट पर दिखी भारी भीड़ और आस्था का यह जनसैलाब सनातन संस्कृति की गहरी जड़ों को प्रदर्शित कर रहा था।

# 71 वर्ष की उम्र में भी नहीं थमे हरि सिंह के हाथ

## 55 वर्षों से मंडावर बस स्टैंड पर जूते-चप्पल गांठकर चला रहे परिवार की गाड़ी, अब बेटी की शादी के लिए कर रहे संघर्ष

-मोईन अहमद

**मंडावर (चिंगारी)। आज भले ही इंसान तकनीक के जरिए चांद तक पहुंच चुका हो और आधुनिक दौर में लोग महंगे ब्रांडेड जूते-चप्पल पहनते हों, लेकिन समाज में आज भी ऐसे मेहनतकश लोग मौजूद हैं जो अपने पारंपरिक हुनर और पसीने की कमाई के दम पर मिसाल पेश कर रहे हैं। ऐसी ही संघर्ष, जीवटता और मेहनत की एक अनूठी दास्तान है 71 वर्षीय हरि सिंह की।**

कस्बे के मोहल्ला कस्साबान निवासी हरि सिंह पुत्र हीरा सिंह पिछले 55 वर्षों से मोची का काम कर अपने परिवार की जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने अपनी जिंदगी के पांच दशक से अधिक (55 वर्ष) मंडावर बस स्टैंड पर एक ही स्थान पर, एक छोटे से लकड़ी के खोखे में गुजार दिए। मौसम चाहे भीषण गर्मी का हो, कड़ाके की सर्दी हो या झमाझम बारिश, हरि सिंह इसी छोटे से खोखे में बैठकर लोगों के पुराने जूते-चप्पलों की मरम्मत करते आए हैं।

उनकी आंखों के सामने न जाने कितने चेहरे बदले, बस स्टैंड का स्वरूप बदला और पूरा बाजार नया हो गया, लेकिन हरि सिंह की निष्ठा और उनका काम आज भी उसी जगह पर पूरी मुस्तैदी से कायम है।

### 55 वर्षों से हाथों में है हुनर का जादू

हरि सिंह बताते हैं कि उन्होंनेशोषण या अभावों के बीच करीब 55 साल पहले इस काम की शुरुआत की थी। कम उम्र में थामा गया यह हुनर धीरे-धीरे उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया। समय के साथ बाजार बदला और लोगों की पसंद भी, लेकिन आज भी मरम्मत कराने वाले ग्राहक उनके पास खिंचे चले आते हैं। हरि सिंह हर ग्राहक के काम को पूरी ईमानदारी और लगन के साथ अंजाम देते हैं।



### संघर्ष और प्रेरणा की मिसाल

मंडावर बस स्टैंड पर खड़ा यह छोटा सा लकड़ी का खोखा उनकी 55 वर्षों की संघर्षगाथा का गवाह है। इसी खोखे ने उनकी जवानी को ढलते और बुढ़ापे को आते देखा है। हरि सिंह की यह कहानी समाज को यह संदेश देती है कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता- मेहनत और ईमानदारी से किया गया हर कार्य सम्मान के योग्य है। आज जब इस उम्र में शरीर आराम मांगता है, तब भी हरि सिंह अपने हाथों की ताकत से परिवार का संबल बने हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक शरीर में जान है, वे मेहनत करना नहीं छोड़ेंगे। उनकी सबसे बड़ी और इकलौता सपना अब अपनी बेटी की धूमधाम से विदाई करना है।

## चार बच्चों की शादी के बाद, अब बेटी के हाथ पीले करने की जिद

**अपनी इस छोटी सी कमाई और कड़ी मेहनत के बल पर हरि सिंह अब तक अपने चार बच्चों की शादी कर चुके हैं। हालांकि, जिंदगी के इस पड़ाव (71 वर्ष) पर भी उनके कंधे थके नहीं हैं। अभी उनकी एक बेटी की शादी होना बाकी है। बेटी की शादी के लिए जरूरी खर्च जुटाने और अपनी इस आखिरी जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए हरि सिंह आज भी पूरी शिद्दत से मेहनत कर रहे हैं। उम्र भले ही 71 वर्ष हो चली हो, लेकिन उनके हौसले और बुलंद इरादों में आज भी कोई कमी नहीं आई है।**

# आईएचएमएस ने 'नेलेट' के साथ समझौता कर नया कदम उठाया

## दोनों के मध्य शैक्षणिक एवं व्यावसायिक सहयोग को बढ़ाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस), कोटद्वार ने शिक्षा, कौशल विकास और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संस्थान ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (नेलेट), हरिद्वार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस समझौते का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान, इंडस्ट्री-ओरिएंटेड प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। हरिद्वार स्थित संस्थान में दोनों संस्थानों के अधिकारियों की मौजूदगी में



आईएचएमएस के प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा और नेलेट के डायरेक्टर डॉ. अनुराग कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा ने बताया कि इस महत्वपूर्ण साझेदारी के माध्यम से आईएचएमएस और नेलेट हरिद्वार के बीच शैक्षणिक एवं व्यावसायिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि एमओयू के तहत इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कोर्सेज संचालित करने की दिशा में सहयोग किया जाएगा। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने पारंपरिक शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ उद्योग में उपयोग होने वाली आधुनिक तकनीकों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के आयोजन पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षकों को नई तकनीकों, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों तथा उद्योग में हो रहे बदलावों की जानकारी प्राप्त होगी। इससे शिक्षकों के ज्ञान और कौशल में वृद्धि होगी, जिसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। आईएचएमएस के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने इस महत्वपूर्ण सहयोग के लिए नेलेट हरिद्वार का आभार व्यक्त किया। उम्मीद जताई कि यह साझेदारी आने वाले समय में विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी तथा शिक्षा एवं उद्योग के बीच सहयोग को और मजबूत करेगी। इस अवसर पर आईएचएमएस के आईक्यूएसी इंचार्ज वीरेंद्र आर्य, असिस्टेंट प्रोफेसर सुप्रिया रतूड़ी सहित नेलेट के अधिकारी मौजूद रहे।

## भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए संस्कृत को जनभाषा बनाना आवश्यक : दिलीप रावत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड संस्कृत संस्थान, उत्तराखंड सरकार की ओर से आयोजित जनपद स्तरीय संस्कृत स्पर्धाओं का समापन हो गया। सिद्धबली मंदिर में आयोजित अंतिम चरण की प्रतियोगिता का शुभारंभ लैंसडौन विधायक दिलीप सिंह रावत व समिति के अध्यक्ष डॉ. जेपी ध्यानी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि महंत दिलीप रावत ने कहा कि भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए संस्कृत को पुनः जन-जन की भाषा बनाना आवश्यक है। संस्कृत के प्रति आमजन में रुचि बढ़ाने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से संस्कृत भाषा के अध्ययन और प्रचार-प्रसार में योगदान देने का आह्वान किया।

### जनपद स्तरीय संस्कृत स्पर्धाओं का समारोह पूर्वक समापन

तत्पश्चात आयोजित वरिष्ठ वर्ग की समूह नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुगड्डा प्रथम, ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी द्वितीय और राजकीय इंटर कॉलेज कुम्भीचौड़ तृतीय रहा। समूह गान में जनता इंटर कॉलेज कमलपुर-संगलाकोटी ने प्रथम, राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार ने द्वितीय और पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कण्वघाटी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आशु भाषण में ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी प्रथम, संस्कृत विद्यालय चैधार द्वितीय और श्री जयदयाल अग्रवाल संस्कृत विद्यालय श्रीनगर तृतीय रहा। श्लोकोच्चारण में संस्कृत विद्यालय चैधार प्रथम, ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी द्वितीय और श्री ज्वालपा धाम संस्कृत विद्यालय पौड़ी तृतीय रहा। वाद-विवाद प्रतियोगिता में ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी ने प्रथम, श्री ज्वाल्पा धाम संस्कृत विद्यालय पौड़ी ने द्वितीय और श्री ज्वाल्पा देवी संस्कृत महाविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग की नाटक प्रतियोगिता में ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी प्रथम, श्री जयदयाल अग्रवाल संस्कृत विद्यालय श्रीनगर द्वितीय और राजकीय इंटर कॉलेज बनचूरी तृतीय रहा। कार्यक्रम में श्री सिद्धबली संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य आचार्य अशोक जोशी, जनपद संयोजक रोशन लाल गौड़, जनपद सह-संयोजक डॉ. रमाकांत कुकरेती, दुगड्डा खंड संयोजिका बीना गौड़, कोट ब्लॉक संयोजक डॉ. विश्वकसेन दुदपुड़ी, आचार्य दीपेंद्र डिमरी, इतेन्द्र नैथानी, जयहरीखाल ब्लॉक प्रमुख रणवीर सजवाण सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## दुगड्डा की ऐतिहासिक रामलीला आरंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा रामलीला कमेटी की ओर से दुगड्डा में रामलीला मंचन आरंभ हो गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम पं.राजेंद्र प्रसाद नौटियाल ने मंच पूजन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाध्यापक राम प्रसाद बडोला ने दीप प्रज्वलित कर लीला का आरंभ किया। उन्होंने कहा कि कमेटी की ओर से 126वीं लीला का मंचन करना अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके लिए कमेटी के समस्त पदाधिकारी व सदस्य बधाई के पात्र हैं। इसके बाद भगवान गणेश की आराधना के साथ लीला मंचन किया गया। प्रथम दिवस नारद मुनि का तपस्या में बैठना, उनकी तपस्या के कारण इंद्र का सिंहासन डोलना, इंद्र का कामदेव को नारद मुनि की तपस्या भंग करने भेजना, नारद मुनि का स्वयंवर हेतु भगवान विष्णु से हरि रूप मांगना, विष्णु भगवान द्वारा नारद मुनि को वानर रूप देना से नारद मुनि द्वारा भगवान विष्णु को श्राप देने तक की लीला का मंचन किया गया। पात्रों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को देर रात तक लीला में बांधे रखा। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष प्रदीप बडोला, उपाध्यक्ष तरूण जोशी और कोषाध्यक्ष राहुल जैन सहित कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में स्पोकन इंगलिश फाउंडेशन कोर्स आरंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में विद्यार्थियों के अंग्रेजी भाषा को विकसित करने के उद्देश्य से वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से स्पोकन इंग्लिश फाउंडेशन कोर्स का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस संबंध में महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कोर्स के प्रोजेक्ट लीडर डा. पंकज शर्मा ने कहा कि कोर्स का मुख्य उद्देश्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा में प्रभावी संवाद, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना तथा उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा एवं रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार करना है। प्राचार्य प्रो. डॉ. डी.एस. नेगी ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक एवं वैश्विक परिवेश में अंग्रेजी भाषा में प्रभावी संचार कौशल विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने फाउंडेशन के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कौशल-विकास कार्यक्रम विद्यार्थियों को रोजगारपरक, आत्मनिर्भर एवं भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में वाधवानी फाउंडेशन के एरिया कोर्डिनेटर धर्मेन्द्र सिंह चौहान व प्रोजेक्ट मैनेजर पवन बलूनी सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## बारिश से सड़कों पर पानी भरा, विशालकाय वृक्ष गिरा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में एक बार फिर हुई झमाझम बारिश से आम जन अस्त व्यस्त हो गया। बारिश के कारण झंडाचौक में दुपहिया वाहन पानी में बहते नजर आए, वहीं देवी रोड पर जल निगम कार्यालय के पास विशालकाय पेड़ गिरने से यातायात कुछ देर ठप रहा, जिसे जेसीबी की सहायता से हटाया गया। कोटद्वार और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में पिछले दिनों से लगातार बारिश हो रही थी, लेकिन शुक्रवार सुबह अचानक हुई तेज बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। सुबह से ही क्षेत्र का मौसम बिगड़ा रहा और आसमान में बादल छाए रहे। सुबह लगभग साढ़े दस बजे से तेज बारिश आरंभ हो गई। बारिश के कारण सड़कें तालाब बन गई और दुपहिया वाहन पानी में बहते नजर आए। शहर के छोटे नाले भी उफान पर रहे, जिससे आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि कुछ देर बाद बारिश रूक गई थी।



कोटद्वार में बारिश के कारण झंडाचौक में पानी में बहते नजर आए दुपहिया वाहन।

## राजकीय महाविद्यालय का निरीक्षण किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की संयुक्त निदेशक प्रो. संगीता गुप्ता द्वारा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं, विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली तथा उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया। साथ ही विभागों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में प्राध्यापकों से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में जाकर विभागीय गतिविधियों, शैक्षणिक कार्यों, उपलब्ध सुविधाओं तथा आवश्यक संसाधनों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों से संवाद कर विभागों के सुचारु संचालन में आने वाली समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक अपने-अपने विभागों में उपस्थित रहे तथा उन्होंने पूछी गई जानकारियों से संयुक्त निदेशक को अवगत कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी. एस. नेगी ने संयुक्त निदेशक को महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों, विभागीय व्यवस्थाओं तथा निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी दी।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# ईंधन की कीमतों के बढ़ते दबाव के चलते अमेरिका रूस से करेगा डीजल आयात- ट्रंप

**वाशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिका में ईंधन की कीमतें कम करने के दबाव बढ़ने की वजह से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से डीज़ल आयात करने के समझौते की घोषणा की है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप ने कहा कि पुतिन अमेरिकी और वैश्विक बाज़ार के लिए तुरंत तीन लाख टन डीज़ल जारी करने पर सहमत हो गए हैं, इसके बाद नवंबर में पांच लाख टन और उसके बाद दस लाख टन डीज़ल जारी किया जाएगा। शुक्रवार को उठाए गए इस कदम से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की नाराज़ हो गए, उन्होंने इसे पुतिन के लिए एक तोहफ़ा बताया और कहा कि यह एक ऐसे युद्ध में निवेश है जिसे खत्म किया जाना चाहिए, न कि लंबा खींचा जाना चाहिए। माना जा रहा है कि समझौते के तहत अमेरिकी ट्रेज़री 7 अप्रैल तक रूसी डीज़ल निर्यात पर लगे प्रतिबंधों को हटा रही है, लेकिन अमेरिकी बैंकों में मौजूद अन्य संपत्तियां अभी भी फ्रीज़ हैं। अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि रूस से और तीस लाख टन डीज़ल कम समय में उपलब्ध कराया जाएगा, जो वहां की रिफाइनरियों की स्थिति पर निर्भर करेगा, जिन पर यूक्रेन ने हमले किए हैं। बाद में पुतिन ने कहा कि रूस -जिसने इस साल की शुरुआत में डीज़ल निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था- अमेरिका और वैश्विक बाज़ारों को तेल और पेट्रोलियम उत्पाद आपूर्ति करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके बयान में मात्रा का ज़िक्र नहीं था। हालांकि, विश्लेषकों ने सवाल उठाया है कि क्या रूस इतनी मात्रा में डीज़ल उपलब्ध कराने में सक्षम है और ऐसा करने से अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए कीमतें किस हद तक कम होंगी।



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक
मुलायम सिंह यादव
की चौथी पुण्यतिथि
पर उन्हें
कोटि-कोटि
नमन

मुनव्वर अली
(संस्थापक सदस्य)
समाजवादी पार्टी, नजीबाबाद


महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने
के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्व,
वायर, पंखे, स्विच, शोकिट,
गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली
फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।


सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी
वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प
आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476


जय माता दी! जय माता दी!
समस्त धामपुर नगरवासियों को शारदीय
नवरात्र व अधर्म पर धर्म की
विजय के प्रतीक
विजयदशमी
के पावन पर्व की हार्दिक
शुभकामनाएं

दिनेश कुमार चौहान
समाजसेवी एवं रेत बजरी सप्लायर्स
आवास- निकट रानी बाग पुलिस चौकी, शुगर मिल तिराहा, धामपुर ( बिजनौर )


Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ.FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर